ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 17 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 194 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

जैकलीन फर्नांडीज बिना अनुमति नहीं ... पेज 09 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### राहुल गांधी को बड़ी राहत, सशरीर पेश होने से मिली छूट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मोदी सरनेम मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एमएलए-एमपी कोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने को चुनौती देने संबंधी याचिका को स्वीकृत कर लिया। अब निचली अदालत में राहुल गांधी की जगह उनके अधिवक्ता प्रस्तुत होंगे। याचिकाकर्ता राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने बुधवार को राहुल गांधी के सीआरपीसी की धारा 205 के आवेदन को स्वीकृत कर लिया और उन्हें निचली अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट प्रदान की। कोर्ट ने शर्तों के आधार पर दी गई छूट में कहा है कि वह अपनी पहचान नहीं छुपाएंगे। साथ ही यदि उनकी अनुपस्थिति में किसी गवाह का एग्जामिन होता है तो उस पर भी सवाल नहीं उठाएंगे।

### रिमांड खत्म होने के बाद प्रेम प्रकाश को भेजा गया जेल

**रांची।** जमीन घोटाला में आरोपित प्रेम प्रकाश की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने प्रेम प्रकाश को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने बीते 11 अगस्त को प्रेम प्रकाश को पांच दिनों के रिमांड पर लिया था। प्रोडक्शन वारंट जारी होने के बाद ईडी ने जमीन घोटाले मामले में उसे गिरफ्तार किया था। चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री फर्जी डीड के जरिए कराने के मामले में ईडी प्रेम प्रकाश को मास्टरमाइंड मानता है। अपनी जांच में ईडी ने कोर्ट में प्रेमप्रकाश की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। इसपर तीन दिनों तक बहस चली थी। बहस के बाद कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट जारी करने की अनुमति दी। इसी वारंट के आधार पर रांची जमीन घोटाले मामले में ईडी ने दोबारा प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था।

### खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज के खनन व्यापारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर बुधवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने कृष्णा साहा को जमानत देने इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है।इससे पूर्व दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने दस अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। कृष्णा साहा की ओर से अधिवक्ता नदीमुद्दीन ने बहस की।इससे पहले कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई हुई थी।

## देशभर के विवि व कॉलेजों में पांडुलिपि अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर के विश्वविद्यालयों व विभिन्न कॉलेजों में पांडुलिपि अध्ययन के लिए कोर्स शुरू किए जाएंगे। यह पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए यूजीसी ने एक पैनल का गठन किया है जिसमें कुल 11 सदस्य होंगे। पांडुलिपि पर आधारित यह पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप होगा। यूजीसी के मुताबिक पांडुलिपि आधारित यह पाठ्यक्रम छात्रों को विशेषज्ञता या ऐच्छिक विषय के रूप में उपलब्ध कराया जा सकता है। शब्दावली में, 'पांडुलिपि' का अर्थ हस्तलिखित दस्तावेजों के उपयोग के




माध्यम से इतिहास और साहित्य का अध्ययन है। वहीं 'पुरालेख' शास्त्रीय और मध्ययुगीन काल में प्राचीन लेखन प्रणालियों या शिलालेखों का अध्ययन है। यूजीसी के मुताबिक मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के पूर्व निदेशक प्रफुल्ल मिश्रा की अध्यक्षता में ग्यारह सदस्यीय पैनल का गठन किया गया है। इसमें आईआईटी-मुंबई के प्रोफेसर मल्हार कुलकर्णी, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के वसंत भट्ट और एनसीईआरटी में संस्कृत के प्रोफेसर जतींद्र मोहन मिश्रा शामिल हैं। यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदेश कुमार के मुताबिक भारतीय पांडुलिपियों का संरक्षण देश की विविधता को बनाए रखता है और बढ़ाता भी है। यह विरासत की गहरी समझ में योगदान देता है, जो सदियों पुराने ज्ञान, विचारों, विश्वासों और अतीत की प्रथाओं को दशार्ता है।

उन्होंने बताया कि ये पांडुलिपियां भारत के इतिहास, बौद्धिक योगदान और परंपराओं में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा कि हमें सांस्कृतिक खजाने की रक्षा करने, अकादमिक अनुसंधान को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने की क्षमता के लिए भारतीय पांडुलिपि विज्ञान का समर्थन करना चाहिए। यूजीसी के अध्यक्ष के मुताबिक वर्तमान में, भारत के राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) के पास 80 प्राचीन लिपियों में अनुमानित 10 मिलियन पांडुलिपियां हैं, जो ताड़ के पत्ते, कागज, कपड़े और छाल जैसी सामग्रियों पर लिखी गई हैं। इनमें से 75 प्रतिशत पांडुलिपियां संस्कृत में हैं, और 25 प्रतिशत क्षेत्रीय भाषाओं में हैं। यूजीसी ने इस संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन को एक प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव में कहा है कि पांडुलिपि विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के मानकीकरण के लिए समिति का गठन किया गया है। पत्र में यूजीसी की ओर से कहा गया है कि समिति से दोनों विषयों के पाठ्यक्रमों के लिए एक मॉडल पाठ्यक्रम विकसित करने की उम्मीद है।

### हाई कोर्ट को विस नियुक्ति मामले की दी गई जानकारी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने विधानसभा सचिव ने बताया कि कैबिनेट सचिवालय ने ही जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट को जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास भेजा है। इसलिए कैबिनेट सचिवालय से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मांगी गई है।

**सीएम हेमंत सोरेन ने नक्सली हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, बोले**

## अंतिम सांसें ले रहा नक्सलवाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के चाईबासा जिले में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद हुए सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और आरक्षी गौतम को झारखंड जगुआर के मुख्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गमगीन माहौल में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और आरक्षी गौतम को श्रद्धांजलि अर्पण किया। झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सोमवार की रात 2012 बैच के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और आरक्षी गौतम कुमार शहीद हो गए थे, मंगलवार को दोनों के पार्थिव शरीर को हेलीकॉप्टर के जरिए रांची लाया गया आज आरिफ अस्पताल में दोनों का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि के लिए झारखंड जगुआर के मुख्यालय गया.



झारखंड जगुआर के मुख्यालय में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ,राज्य के मुख्य सचिव ,गृह सचिव ,डीजीपी सहित झारखण्ड पुलिस के आला अफसरों ने गमगीन माहौल में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दरअसल राज्य में उग्रवादी घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही है। उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस को लगातार कई बड़ी सफलताएं मिल रही है .ऐसे में हताशा में उग्रवादियों द्वारा पुलिस को निशाना बनाने की कोशिश हो रही है। दो वीर जवानों की शहादत कहीं ना कहीं उग्रवादियों के हताशा में किए गए हमले का ही परिणाम है। दो जवानों का शहीद होना हमारे लिए बहुत ही दुखद है, लेकिन उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और शक्ति के साथ लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड जगुआर से संबंधित कुछ समस्याएं संज्ञान में आई है और इसका जल्द निराकरण होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया शहीद के परिजनों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार जीवन भर उनके साथ है।

झारखंड जगुवार में श्रद्धांजलि देने के बाद दोनों शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके गृह जिला भेज दिया गया। गौरतलब है कि झारखंड जगुआर की एक टीम नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन करके वापस लौट रही थी, इसी दौरान घात लगाकर नक्सलियों ने टीम के ऊपर बर्स्ट फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में सबइंस्पेक्टर अमित तिवारी और गौतम कुमार को गोली लग गई। नक्सलियों का हमला इतना घातक था कि दोनों मौके पर ही शहीद हो गए. पुलिस ने जब जवाबी फायरिंग शुरू की तब नक्सली जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।

नक्सलियों के हाथों शहीद हुए इंस्पेक्टर अमित तिवारी पलामू के रहने वाले थे दिन पूर्व ही उनके बेटे का जन्म हुआ था। अभियान खत्म कर अमित तिवारी घर लौटने वाले थे ताकि अपने बेटे को देख सके. अपने बेटे को देखने के लिए अमित तिवारी ने छुट्टी के लिए लेकिन नक्सलियों के द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले में वह शहीद हो गए। अमित तिवारी के परिवार का अधिकांश सदस्य पुलिस विभाग में ही कार्यरत हैं।

## 16 मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए : डीजीपी अजय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य की उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करना हमारा एक अहम लक्ष्य है। इस वर्ष जून 2023 तक पुलिस के साथ हुए 16 मुठभेड़ की घटनाओं में विभिन्न नक्सली संगठन के नौ नक्सली मारे गए। डीजीपी ने कहा है कि झारखंड पुलिस अपने खुफिया तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर फुलप्रूफ योजना बनाकर अभियान चला रही है और चलाये जा रहे अभियानों के कारण कई कुख्यात और दुर्दान्त नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। कई नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर भी किया गया है। कई सफल मुठभेड़ और उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के फलस्वरूप आज हम यह कह सकते हैं कि राज्य में नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र अब बिल्कुल नगण्य हो चुके है। उन्होंने कहा है कि राज्य के दूर-दराज इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में झारखंड पुलिस के अभियानों से झारखंड पुलिस को मिल रही लगातार सफलताओं से डरकर



और राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर कई नक्सलियों ने न सिर्फ आत्मसमर्पण किया है बल्कि कई नक्सली मुख्यधारा से जुड़ने को आतुर भी हैं। नक्सल विरोधी अभियान के अतिरिक्त नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का सतत प्रयास भी सरकार कर रही है।डीजीपी के अनुसार आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत अबतक कुल 267 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के बाद नक्सलियों को ओपन जेल में रखा जा रहा है। नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद सरकार की तरफ से दिया जाने वाला लाभ और सुविधा नक्सलियों के बीच वितरित भी किया जा चुका है।

## हाईकोर्ट ने जेपीएससी फर्स्ट-सेकंड बैच की सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई हुई। मामले में सीबीआई की ओर से जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया वह वर्ष 2014 का था, जिस पर कोर्ट ने सीबीआई के अधिवक्ता को सीबीआई एसपी को कोर्ट की सुनवाई में ऑनलाइन जोड़ने को कहा।

बाद में सीबीआई डीआईजी, पटना कोर्ट के समक्ष ऑनलाइन जुड़े। कोर्ट ने सीबीआई डीआईजी को निर्देश दिया कि दो सप्ताह में वह मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताएं कि केस किस स्टेज में है। कोर्ट ने उन्हें कहा कि यदि सीबीआई चार्जशीट दाखिल कर दिया है और अभियोजन स्वीकृति



के लिए गई हैं, तो अभियोजन स्वीकृति पर सुप्रीम कोर्ट का एक समय सीमा सीमा में निर्णय लेने का आदेश है।

कोर्ट में सीबीआई डीआईजी, पटना को यह भी बताने को कहा है किन-किन आरोपितों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी गई है और यह अभियोजन स्वीकृति कब-कब मांगी गई है, यह भी बताएं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह सितंबर निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

इससे पहले इसी मामले में राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया की सरकार ने उन्हें पद पर फिर से बहाल कर प्रमोशन दे दिया है उनमें से बहुत लोगों का कंफर्मेशन भी हो गया है। इसलिए सरकार की अपील पर मेरिट पर सुनवाई करने का कोई औचित्य नहीं है। सरकार एक तरफ जेपीएससी द्वितीय की परीक्षा के नियुक्त अधिकारियों को रीइंस्टेट कर उन्हें प्रमोशन दे रही है और उनकी नियुक्ति कंफर्म कर रही है। दूसरी ओर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अपील भी दायर कर रही है, यह समझ से परे है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवार एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी द्वितीय की परीक्षा में अंकों की हेराफेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है।

## क्रिमिनल बॉयफ्रेंड जेल गया तो गर्लफ्रेंड लगी रंगदारी के धंधे में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में अब अपराध की दुनिया में महिलाओं की संख्या भी तेजी के साथ बढ़ रही है। ड्रग्स के धंधे में तो काफी महिलाएं पहले से ही एक्टिव है ही अब रंगदारी जैसे मामलों में भी महिलाओं की भूमिका सामने आने लगी है, ताजा मामला रांची के हिंदपीढ़ी इलाके का है यह एक बड़े दवा कारोबारी से रंगदारी मांगने के आरोप में एक युवती सहित दो को गिरफ्तार किया गया है।

**नेहा सोनी सहित दो गिरफ्तार:** रांची के सबसे बड़े दवा कारोबारी से 25 लाख रुपए रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने नेहा सोनी नाम की युवती को गिरफ्तार किया है। इस मामले में नेहा के साथ-साथ एक अन्य आरोपी राजू वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने मिलकर व्हाट्सएप कल



के जरिए राजधानी के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों से रंगदारी की डिमांड की थी। जिन लोगों से रंगदारी की डिमांड की गई थी उनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम रांची के सबसे बड़े दवा दुकान आजाद हिंद फार्मा का है। रांची के हिंदीपीढ़ी थाना क्षेत्र के सैनिक मार्केट में स्थित आजाद हिंद फार्मा के मलिक मोहम्मद मिनहाजुद्दीन से नेहा सोनी और राज वर्मा ने 25 लाख रुपए की रंगदारी की डिमांड की थी ,दोनों ने दवा कारोबारी को यह धमकी दी थी कि अगर वह जल्द से जल्द पैसे का भुगतान नहीं करेंगे तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

**छोटू खान की गर्लफ्रेंड है नेहा सोनी:** रंगदारी के मामले रिपोर्ट होने के बाद रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक टीम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया। साइबर सेल और टेक्निकल सेल के साथ जब रांची पुलिस ने इस केस पर काम करना शुरू किया तब मोबाइल का ईएमआई नंबर के जरिए नेहा सोनी की पहचान हुई। ठोस प्रमाण मिलने के बाद महिला थाने की टीम के साथ नेहा सोनी को धर दबोचा गया। पूछताछ में नोहा सोनी ने बताया है कि वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद अपराधी छोटू खान की प्रेमिका है उसके जेल जाने के बाद व उसी के इशारे पर रांची के कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रही थी। इस काम में राज वर्मा में उसका सहयोग कर रहा था।

**चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3**

## लैंडर आज यान से अलग होगा

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को भारत के चंद्रयान-3 को चंद्रमा के और करीब ले जाते हुए कहा कि लैंडर मॉड्यूल को गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान-3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही चंद्रयान की कक्षा बदलने का काम पूरा हो गया है। अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हो रहे हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को 17 अगस्त 2023 को अलग करने की योजना बनाई गई है।"



चंद्रयान-3 में एक प्रणोदक मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल हैं। भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है। चंद्रयान-2 मिशन में लैंडर पर नियंत्रण खो देने की वजह से उसकी सॉफ्ट लैंडिंग की जगह क्रैश लैंडिंग हो गई थी और लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा।

सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है। सुरक्षित और जोखिम-रहति क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले साइट की इमेजिंग की जाएगी। लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को भारत के हेवी लिफ्ट रॉकेट छश्ट3 द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया था। इसके बाद 1 अगस्त को इसने पृथ्वी की कक्षा को छोड़कर चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया था।

## राज्य का राजनीतिक स्वास्थ्य अच्छा है : स्वास्थ्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य का राजनीति स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। उन्होंने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की तुलना नीम, करेला और कुटकी के जूस से ही है। उन्होंने कहा कि इन सबकी वजह से हम मजबूत हो रहे हैं। वे दिल्ली दौरे पर जाने से पहले बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड का राजनीतिक स्वास्थ्य बिल्कुल अच्छा है। क्योंकि, हम जितना करेला, नीम और कुटकी जा जूस पी रहे हैं। इन सबका मतलब ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से है, उतना हम मजबूत हो रहे हैं। हमारा शरीर सशक्त हो रहा है। उतना हमारा इरादा मजबूत हो रहा है। हमारे



लड़ने की क्षमता दक्षता बढ़ रही है। बन्ना ने कहा कि बैठक में राज्यहित की बात रखेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड कैसे मजबूत प्रतिनिधित्व करेगा, इससे जुड़ी बातों को रखेंगे। कैसे हमारा संगठन दुरूस्त हो इसकी बात भी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ बैठक है।

# चान्हो में धूमधाम से बनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** चान्हो छेत्र के आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में धूमधाम से बनाया गया स्वतंत्रता दिवस इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि भूत पूर्व शिक्षक निरंजन साही रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव शिव उरांव यादव महासभा के जिला अध्यक्ष तपेश्वर गोप विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी के द्वारा सम्मिलित रूप से झंडो तोलन किया गया। झंडोत्तोलन के बाद सबसे पहले स्कूल के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में सभी बच्चों को बताएं और इस प्रोग्राम में उपस्थित सभी अतिथियों का अभिवादन किया।इस बीच मुख्य अतिथि निरंजन साही ने कहा की भारत के बहुत से वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमारे इस देश को आजाद किए हैं और अब हम लोगों का फर्ज बनता है कि देश को हम कैसे तरक्की में लाएं इसी बीच शिव उरांव ने कहा की सभी बच्चों को आज प्रण लेने की अवश्यकता है की हम पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बने ।तपेश्वर गोप ने कहा की आज हमलोग आजादी का जस्न मना रहे है। लेकिन हमे यह भी सोचना है कि इस देश को आजाद दिलाने में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कभी भी अपने बारे में नहीं सोचा और अपने देश के लिए बलिदान हो गए। इसी बीच स्कूल से पढ़कर निकले एक विद्यार्थी इम्तियाज अंसारी जो अभी इंडियन आर्मी में कार्यरत है उन्होंने भी बच्चों के सामने अपनी बातों रखी। और बच्चों द्वारा परेड झांकी व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में पेड़ लगाया गया। इस बीच जावेद अंसारी हाजी एहसान, एनामुल हक् पंचू उरांव, बेसा उरांव, साजिद अंसारी, साबिर अंसारी, कलीमुल्लाह अंसारी, अतिउर्रहमान खान, संजय उरांव, दिलीप गोप, सोनाली उरांव, पुनीता कुमारी, सलमा परवीन और सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यालय में किया झंडोत्तोलन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में झण्डोत्तोलन किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्य क अध्यक्ष मो. मंजूर मोमिन, सिल्ली प. मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, मनीराम दास, बलराम महतो, भूतनाथ मंडल, प्रकाश मुंडा, शाहबुद्दीन अंसारी, राबिन यादव, सदानंद सोनार, भोंदू हजाम, सहदेव मांझी, योगेन्द्र कोइरी, परमेश्वर महतो, तिजू मुंडा, देवेन कोइरी, इस्माईल मोमिन, मो. ताहिर आलम, मनोज कुमार यादव, सैय्यद कमर आलम, भुनेश्वर महतो, दुर्गा चरण यादव, मो. सकिर उद्दीन, नितेश गुप्ता दिनेश कुमार महतो, योगेश्वर महतो, तापस पोद्दार, राबिन प्रामाणिक, परमानन्द महतो, सफिरुद्दिन अंसारी, उर्मिला देवी, रामेश्वर महतो, घासिराम राम पातर, गणेश महतो, मुख्तार आलम, सईकुल, सुखदेव मुंडा, मुकुंद मुंडा, लालू कोइरी सहित सैकड़ों कांग्रेस जन झण्डा उत्तोलन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया झंडोत्तोलन



**मुरी।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आदर्श उच्च विद्यालय प्रांगण में झण्डोतोलन आदरणीय समाज सेवी रतनलाल महतो द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें भाषण में प्रथम स्थान अपर्णा महतो, द्वितीय स्थान संजय सेन और तृतीय स्थान प्रियंका कुमारी रही ,नृत्य में प्रथम स्थान सुजल कुमार महतो ,द्वितीय स्थान सहाना खातून तृतीय स्थान प्रियंका संतानी तथा पिरामिड में सोमनाथ ग्रुप प्रथम स्थान जिसमें प्रतिभागियों में रखो, हरि, अमित, निपेन, भुनेश्वर भल्लू, विक्की आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ अनिल कुमार,उप-प्रधानाचार्या पुष्पा महतो,वरीय सहायक शिक्षक अशोक कुमार एवम बासुदेव महतो, विकास कुमार,अनुभा कुमारी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल सिल्ली में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडा फहराकर की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा महतो अध्यक्ष बिरसा मुंडा आर्चरी (तीरंदाजी) अंतरराष्ट्रीय अकादमी सिल्ली थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री बी शरण ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर सम्मानित किया परेड के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंच संचालन अनुष्का एवं नेहा कर्मकार ने किया। हिंदी भाषण रौशनी द्वारा अंग्रेजी भाषण गरिमा खुशी, द्वारा एवं संस्कृत भाषण वेदांश झा के द्वारा प्रस्तुत किये गये। अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्वागत गान एवं अनेक नृत्य की प्रस्तुति दी। अतिथि के रूप में मोतीलाल प्रसाद, गौतम कृष्ण साहू, विष्णु चरण दास, शिक्षक, शिक्षिकाएं ,शिक्षकेतर कर्मचारी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) ने किया निरीक्षण

**रांची।** गुरुवार को आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) द्वारा अनगड़ा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त के सचिव, जुल्फिकार अली एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल द्वारा अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, संदिग्ध जमाबंदी, दाखिल-खारिज, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित पत्रों के कंप्लायंस एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की गई। निरिक्षण के क्रम में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण प्रतिवेदन, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, की भी जांच की गई।

# देश का 77 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया : हरिनाथ



**नवीन मेल संवाददाता। कांके** भामाशाह नगर रिंग रोड सुकुरहुटू हरिनाथ ट्रेडर्स प्रतिष्ठान परिसर में हर वर्ष की तरह इस बार भी देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके क्षेत्र के सम्मानित जिला परिषद सदस्य किरण देवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश बैठा, विनोद साहू, सिकंदर प्रजापति, सुरेंद्र लिंडा, जनक प्रजापति,ग्राम विकास दल के वरिष्ठ नेता प्रदीप ठाकुर, मुकुल नायक,वनिता मेहता, दशमी देवी, उर्मिला देवी,कंचन रानी, बलदेव साहू नंद किशोर साहू, अर्पण बड़ा, सोनी देवी, बसंत महतो, अमित महतो,सानू कुमार महतो,अनीता देवी, अनीता ठाकुर, रेहान अंसारी, सलामत अंसारी,सचिन दास गोस्वामी, मानातू मुखिया पूनम देवी, होचर मुखिया सुधा पाहन, उप मुखिया जितेंद्र साहू, वार्ड पार्षद आशा बोदरा, अनिल मुंडा,युवा नाई संघ झारखंड प्रदेश के सुदर्शन नायक, महावीर नायक, विनोद नायक ब्रह्माकुमारी राजमती दीदी, सोनी कुमारी, सुनैना कुमारी, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू, पंकज साहू, डॉ. दानेश्वर साहू, रामविलास साहू, बेनी साहू, शंकर साहू, शत्रुघ्न साहू, संजय साहू, अनिल साहू स्वास्थ्य सहिया बच्चन देवी, नीलम कुमारी, विमला देवी सुकुरहुटू प्राथमिक मॉडल प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के के डॉ. विजय कुमार, डॉक्टर एंटोनी, जलेश्वर महतो संजीव कुमार महतो सहित सैकड़ों समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे पदाधिकारीगण इस 77वां स्वतंत्रता दिवस पर अपना- अपना शुभकामना संदेश संप्रेषित कर अमर शहीद वीरों के बलिदान को याद किये। कार्यक्रम के आयोजक हरिनाथ साहू ने अतिथियों का परिचय कराते हुए अपना शुभकामना एवं अभिनंदन संदेश के साथ आए हुए सभी अतिथियों को तिरंगा टोपी एवं अंग वस्त्र पट्टा देकर कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार प्रकट किए। झंडोतलान कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने तिरंगे को सलामी एवं राष्ट्रीय गान के साथ स्वतंत्रता सेनानी महापुरुषों के नाम का जयघोष करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## चान्हो के सारकारी व गैर सरकारी स्थानों पर फहराया गया झंडा

**मांडर/ चान्हो।** प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी, सामाजिक एवं अन्य संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गया। मांडर थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, वन विभाग परिसर में बुढ़मू रेंज के रेंजर सुरेन्द्र सिंह, प्रखण्ड कार्यालय में प्रमुख फिलिप सहाय एक्का व उप प्रमुख अमानत अंसारी, मांडर रेफरल अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. किशोर कुल्लू, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय एवं संत अन्ना+2हाई स्कूल में सिस्टर, बीआरसी में बीईईओ तरशिला केरकेट्टा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका+2 विद्यालयमें वार्डेन इन्दु केरकेट्टा, होली चाईल्ड पब्लिक स्कूल नारो में निदेशक आलोक बिपिन टोप्पो, ऑक्सब्रिज स्कूल में निदेशक तौफीक आलम, भारथी बीएड कॉलेज ऑफ इंस्टीच्यूटशन्स कंदरी में संस्था की शैक्षणिक सचिव दिपाली पराशर,दयानन्द आर्या विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी मोड़ में निदेशक राजेश दत्त, सोसाई हाई स्कूल में प्राचार्य गुलशन रजनी केरकेट्टा आदि ने ध्वजारोहण किया।कई स्थानों पर देशभक्ति गीत गूंजे तो कहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**(Email Id:-socialsechzb@gmail.com, Landline No:-06546-262869)**

**आम सूचना**

निदेशक, सामाजिक सुरक्षा विभाग, निदेशालय,झारखण्ड रॉची के पंत्राक–352 दिनांक 03.08.2023 एवं विभागीय संकल्प के मार्ग निदेश के आलोक में पेशन योजनाओं के लाभुको का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में पेंशन के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतू पंचायत स्तरीय अंकेक्षण दल का गठन किया जायेगा जिसके लिए निम्न प्रकार से कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है:–

| क्र0 | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 17.08.2023 | अंकेक्षण दल का गठन |
| 2. | 18.08.2023 | प्रखण्ड स्तर पर अंकेक्षण दल का प्रषिक्षण एवं भौतिक सत्यापन सामग्री उपलब्ध करना। |
| 3. | 19.08.202 से 28.08.2023 तक | पंचायत के सभी लाभुको का भौतिक सत्यापन करना। |
| 4. | 31.08.2023 | सभी पंचायत के प्रतिवेदन का समेकन एवं संबंधित लाभुकों को नोटिस निर्गत करना। |
| 5. | 02.09.2023 | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुको की सूची उक्त वर्णित कार्यालय मे चिपकाना। |
| 6. | 08.09.2023 | प्राप्त आपत्ति का निराकरण एवं भौतिक सत्यापन के पश्चात् मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुक का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय को भेजना। |
| 7. | 09.09.2023 से 20.09.2023 तक | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुकों का नाम आपत्ति का निराकरण करते हुए NSAP Portal से विलोपित करना। |

भौतिक सत्यापन के दौरान निम्न कार्य भी किया जाना है:–
1. पेंशन एवं राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना का आवेदन प्राप्त करना।
2. सभी लाभुकों का मोबाइल नम्बर प्राप्त करना।
3. पेंशन भुगतान में आ रही त्रुटि का निराकरण करना।
4. लाभुकों का आधार प्राप्त करना।
5. विधवा पेंशन के लाभुकों का विधवा रहने संबंधित स्वघोषणा प्रमाण पत्र प्राप्त करना।

6- UDID कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करना।

सभी पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि भौतिक सत्यापन के दौरान सहयोग करेंगें ताकि योग्य लाभुकों को पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जा सके।

विश्वासभाजन
ह0/– उपायुक्त,हजारीबाग

PR 304731 (Women, Child Development & Social Security)23-24*D


## नाबालिग को एसिड पिलाये जाने के मामले में आरोपित का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपित का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए गुजरात गांधीनगर के पर फॉरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन डायरेक्टरेट ऑफ फॉरेंसिक साइंस से पत्राचार किया गया था। उसने 21 अगस्त से 25 अगस्त के बीच आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आरोपित का पॉलीग्राफ टेस्ट कर 19 सितंबर तक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

### ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में एक दिवसीय 'मोटिवेशनल काउंसलिंग' का आयोजन

# छात्रों को भाषा की मजबूती का ज्ञान होना चाहिए : कुमार विमलेन्दु



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में मोटिवेशनल काउंसलिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें प्रवक्ता कुमार विमलेन्दु सिंह जो एक प्रसिद्ध कवि और लेखक भी हैं, ने कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों में आए व्यवहारिक एवं शैक्षणिक परिवर्तनों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर परिचर्चा की। कार्यशाला का मुख्य विषय था कि दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के बाद विद्यार्थी कैसे अपनी क्षमताओं को आंकते हुए भविष्य में अपने करियर को चुने और सफल होने तक कैसे प्रयासरत रहें। विद्यार्थियों के समक्ष कैरियर निर्धारण का स्पष्ट ज्ञान ना होना,भाषा में व्याकरणिक त्रुटियां, विषम परिस्थितियों में सही निर्णय-निर्धारण में असमर्थता, परिवार-समाज तथा मित्रों में सामंजस्य स्थापित करने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। ये सभी समस्याएं जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बाधक है, इनके समाधान में प्रवक्ता कुमार विमलेन्दु सिंह जिन्होंने 1200 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन पूरे भारत में कर चुके हैं, उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी भाषा में ज्ञान हो उन्हें उस भाषा की मजबूत पकड़ ( व्याकरणिक शुद्धता ) का ज्ञान होना चाहिए। साथ ही जिस संकाय में विद्यार्थियों को रुचि है उसी का चुनाव करें ना कि दूसरे को दिखाने के लिए। तनाव से उबरने के लिए परिवार, समाज तथा मित्रों के साथ सही दिशा में, सही ज्ञान के साथ सामंजस्य स्थापित करनी चाहिए। इस कार्यशाला में इरशद हैदर के साथ स्कूल के निदेशक तौफीक आलम, प्राचार्या इवोन एक्का,जितेंद्र सिंह तथा अन्य शिक्षकगण भी मौजूद थे। कार्यशाला से शिक्षार्थियों को काफी प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन,ब्लॉक–C,चाईबासा रोड खूँटी,पिन – 835210**
**Email Id – deoofficekhunti@gmail.com**

**वहन क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

श्री महेश पोद्दार, माननीय सांसद (राज्य सभा) के द्वारा अपने सांसद निधि से सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, बिनगांव कर्रा, खूँटी में एक New Star Bus SLK 59+A+DLP812/52 के लिए अनुशंसा किया गया है, निविदादाता से सभी शुल्क: TCS+Insurance+Registration एवं कर सहित क्रय किया जाना है। वाहन क्रय हेतु निम्न मानक स्तर के कम्पनियाँ, निर्माताओं, अधिकृत एजेंसियों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाएँ (Technocal, एवं Financial bid अलग–अलग) 23.08.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी में आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24.08.2023 को अपराह्न 03:00 बजे उप विकास आयुक्त महोदय खूँटी के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

1. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 50,000/–(पचास हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्रापट जो "**जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**" के नाम से देय होगा, जिसे जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता का वाणिज्य कर निबंधन प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर अनापत्ति प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, अन्य प्रासंगिक कागजात यथा पैन कार्ड/विगत तीन वर्षों का अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न करने होंगे तथा पिछले वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 50 लाख का टर्न ओवर अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को संबंधित क्षेत्र मे कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल निविदादा का कार्यादेश निर्गत की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर वाहन आपूर्ति करना अनिवार्य होगा, उक्त के जाँचोपरान्त भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।
5. किसी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
6. वाहन क्रय से संबंधित जानकारी खूँटी जिले के वेबसाईट Khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
खूँटी

PR 304772 District(23-24).D


### संकल्प — एक्सआईएसएस, रांची में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

# दुर्गम रास्ते में हम एकता की भूमिका का सम्मान करते हैं : फादर एसजे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस),रांची ने 15 अगस्त, मंगलवार को देश प्रेम की भावना और गर्व के साथ 77वां स्वतंत्रता दिवस संस्थान परिसर में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत,निदेशक एक्सआईएसएस, द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, औरइसके बाद राष्ट्रगान हुआ। संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ, एवं छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। एक्सआईएसएस के निदेशक, डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे, ने अपने भाषण में कहा, हमारे 77वें स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम सब 'देश प्रथम, सदैव प्रथम' ने नारे के प्रति अपने समर्पण को दोहराते हैं। हमारी प्रगति के इस दुर्गम रास्ते में हम एकता की भूमिका का सम्मान करते हैं जिसने हमारे अतीत और वर्तमान में हमारी भूमिका को और सुदृढ़ किया है। पिछले 77 वर्षों में देश में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान और जीडीपी आदि जैसे क्षेत्रों में वृद्धि हुई है, किन्तु हमारी देश की सफल यात्रा के लिए इन संख्याओं से कुछ अधिक की आवश्यकता है वह है अटूट समर्पण और साझा उद्देश्य की आवश्यकता। शिक्षा में पिछले वर्ष से 12% की वृद्धि और 7-8% जीडीपी की वृद्धि के साथ, हमारी यात्रा को इन अंकों से कुछ और ज्यादा चाहिए हमें चाहिए अटल समर्पण और एकसाझा उद्देश्य, देश को और नयी उंचाईयों पर पहुंचाने का। हमआत्म-विश्वास, अधिकार और कर्तव्य की सर्वोत्तमता को बढ़ावा देते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति,जॉन केनेडी के शब्दों में, यह मत पूछो कि देश ने तुम्हारे लिए क्या किया है, बल्कि यह सोचो की तुमने देश के लिए क्या किया है। यह स्वतंत्रता दिवस हमारे मजबूत, एकत्रित राष्ट्र केप्रति हमारे समर्पण को प्रेरित करता है। जय हिंद। झंडोतोलन के पश्चात मार्केटिंग मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा एक देशभक्ति गीत,एक नृत्य और एक स्किट प्रस्तुत किया गया। स्किट में अभिनय के माध्यम से छात्रों ने मातृभूमि के साथ हमारे अटूट बंधन पर प्रकाश डाला। इसी आयोजन के दौरान संस्थान के मनरिसोर्स मैनेजमेंट, रूरलमैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, और मार्केटिंग मैनेजमेंट कार्यक्रमों के 24 छात्रों के बीच 7,60,000 रुपये की तीन संस्थागत छात्रवृत्तियां भी बांटी गईं। इनमें एससी/ एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए फादर माइकल वैनड नबोगर्ट एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 50,000 रुपये, दूसरी रैंक-4 छात्रों को 40,000 रुपये), फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के मेधावी छात्रों के लिए (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप (पहली रैंक- 4 छात्रों को 30,000 रुपये, दूसरी रैंक- 4 छात्रों को 20,000 रुपये) के लिए शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन मार्केटिंग मैनेजमेंट के छात्रों द्वारा डॉ भवानी प्रसाद महापात्रा, कार्यक्रम प्रमुख, मार्केटिंग मैनेजमेंट और अन्य फैकल्टी सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया था।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय मंडल कारा, गुमला**

**ई0–निविदा सूचना**
**eTender – HJ & DM/DJ – GUMLA/Q-4/2023/letter No 1619**

1. **कारा का नाम–** मंडल कारा, गुमला।
2. **विषय**–कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण।

वर्ष 2023 के चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.10.2023 से दिनांक–31.12.2023 तक।

3. **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (Non-Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है:–
(i) 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii) 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।

4-Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि 04.09.2023 से 10.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 04.09.2023 से 10.09.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6-Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक 11.09.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12.09.2023 को पूर्वाह्न/अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– दिनांक 13.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
काराधीक्षक, मंडल कारा,
गुमला

PR304747 (Home)23-24*D

# श्री श्याम मित्र मंडल ने श्याम मंदिर में फहराया झंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 15 अगस्त को आजादी का जश्न मनाया गया। खाटू नरेश महाबली बजरंगबली सहित अन्य देवी देवताओं व गुरुजनों को तिरंगा श्रृंगार करके मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने राष्ट्रीय झंडा फहराया। इस अवसर पर काजू किशमिश टॉफी फल का प्रसाद वितरण किया गया। भारत माता की जयकारे लगाए गए। राष्ट्रीय झंडा का पूजन करके भक्तजनों ने ने तिरंगा पर फूल अर्पित किए। तिरंगा श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्तों ने बड़ी संख्या में श्री श्याम दरबार में माथा टेका।

**63 वां श्री सुंदरकांड पाठः** 63 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन कल (15 अगस्त) सायंकाल किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया था। लेक रोड निवासी दिलीप अग्रवाल सरिता अग्रवाल अमन अग्रवाल ने हनुमान जी की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा पंचमेवा चूरमा रोट गुड़ चना मौसमी फल का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। रामचरितमानस का पाठ वाचको का चंदन वंदन करके अग्रवाल परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने सहयोगियों के साथ 63 वे श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने सामूहिक रुप से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। अखंड ज्योति में होती देने के लिए भक्तों की कतारें लगी रही। महाआरती करके सभी भक्तों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौली पुष्पा देवी पोद्दार श्यामसुंदर जोशी पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

**खाटूनरेश का महास्नान पर्व :** श्रवण अमावस्या के अवसर पर आज (16 अगस्त) हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को नया पोशाक पहना कर विभिन्न फूलों की मालाओं से सजाया गया। गुलाब के विशेष रूह से मसाज करके पंचदीपों की आरती करके पंचमेवा का प्रसाद अर्पित किया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा और मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने गर्भगृह का अनुष्ठान सजावट कार्य संपादित किया। लाल गुलाब के1500 फूलों से खाटू नरेश को विशेष रूप से सजाया गया। लाल गुलाब के विशेष श्रृंगार के साथ श्यामल रूप में विराजमान खाटू नरेश भगतजनों को आशिर्वाद प्रदान कर रहे थे। खाटू नरेश के भक्तों में अमावस्या स्नान का विशेष महत्व होता है। आज दिन भर भक्तों का आना जाना लगा रहा।जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के भजन खाटू नरेश के जयकारों से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया व अन्य ने पंचमेवा का प्रसाद वितरित किया।

**शनिवार को हरियाली तीज व भंडारा :** शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हरियाली तीज पर्व मनाया जाएगा। केसर चंदन तिलक श्रृंगार करके हरियाली पोशाक पहनाकर हरियाली श्रृंगार किया जाएगा। इसी दिन 75 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन सांय 5:00 से होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों को आमंत्रित किया है। पुष्पा देवी पोद्दार हरियाली तीज पर्व व गोपाल महेश्वरी 75 वे श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

### अग्रसेन भवन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## मेगा कैंप में 103 लोगों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्वाधीनता दिवस महाराजा अग्रसेन भवन में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने झंडोत्तोलन किया। तथा उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों की वीरता और बलिदान की याद आती है स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है। हमें एकता विविधता और प्रगति के उन मूल्यों को कायम रखना चाहिए जिनके लिए हमारा देश खड़ा है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा सभा के संयुक्त तत्वधान में अग्रसेन भवन में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं महाराजा अग्रसेन जी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान सेवा महादान सेवा है, इससे बढ़कर कोई भी मानव सेवा नहीं हो सकता,पूरे दिन चली इस मेगा रक्तदान शिविर मे 103 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नागरमल मोदी सेवा सदन से आए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को पुष्पगुच्छ, पौधे एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूरा परिसर तिरंगा झंडा एवं तिरंगा रंग-बिरंगे बैलूनों से सजाया गया था। मेगा ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं धन्यवाद- ज्ञापन अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष सौरभ बजाज ने की। ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने अपना रक्त दान देकर की। तथा सभी रक्त दाताओं को सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष,मंत्री, सदस्यगण, अग्रवाल युवा सभा,अग्रवाल सभा महिला समिति के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी भवन में मना स्वतंत्रता दिवस




नवीन मेल संवाददाता। रांची
मारवाड़ी भवन में देश की आजादी स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण कर पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मारवाड़ी भवन के परिसर में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने झंडोत्तोलन किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को और माँ भारती की शान बनाये रखने वाले शूरवीरों को नमन किया। तथा सभी देशभक्तों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिनके कठिन संघर्ष, त्याग और बलिदान में हमें आजादी मिली है। यह दिन भारत के गौरवशाली इतिहास के सबसे बड़े दिनों में से एक है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत गाए गये। तथा एक लकी ड्रॉ द्वारा तीन भाग्यशालीओं को भी पुरस्कृत किया गया। मिठाइयां एवं टॉफियां बांटी गई। मारवाड़ी भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मारवाड़ी सहायक समिति, मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच, महिला समर्पण शाखा के बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम किया गया आयोजित



**रांची।** भारत की आजादी का अमृत महोत्सव पर्व सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने 15 अगस्त, 2023 को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। एक विशेष सभा 'शेयरिंग सिमिलरिटीज, सेलिब्रेटिंग डिफरेंसेज' विषय पर आयोजित किया गया। छात्रों को विभाजन की कहानी सुनाई गई ताकि उन्हें अपने पूर्वजों द्वारा किए गए महान बलिदानों के बारे में जानकारी हो। छात्रों ने इस दिन को मनाने के लिए क्राफ्ट भी बनाए। विद्यालय परिसर में प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जय हिंद और वंदे मातरम के नारे लगाये। आजादी की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सेल्फी खींची। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. प्रदीप वर्मा, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची, श्रीमती परमजीत कौर, प्राचार्या, प्रोफेसर (डॉ.) वी.के. सिंह, रजिस्ट्रार, सरला बिरला विश्वविद्यालय, नरहरि दास, मुख्य लेखाकार, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा फहराने के साथ शुरू हुआ। विद्यालय के चारों सदनों ऋगवेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद एवं सामवेद हाउस के बच्चों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत किया जिसका नेतृत्व एन.सी.सी. कैडेट ने किया। छात्रों ने नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया। विद्यालय का प्रेक्षागृह मनमोहक देशभक्ति गीतों से गूंज उठा जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### राजेश कचछप ने दी तिरंगे को सलामी



रांची। 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय नामकुम, मरियानिस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल लोवाडीह एवं राजकीकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महिलौंग में ध्वजारोहण कर पूरे खिजरी विधान सभा सहित पूरे झारखंडवासियों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे भारतवर्ष में स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को शत-शत नमन करता हूं। देश की वीरों ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं देश के मान सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। 77 वर्ष पूर्व ईस्ट इंडिया कंपनी ने 200 वर्षों से अधिक तक यहां पर हुकूमत अपना कर कायम किया। संसाधन की कमी थी उस परिस्थिति में भी हमारे महापुरूषों ने एकजुट करके संघर्ष किया। बहुतों ने जेल की यात्रा करनी पड़ी। लगातार संघर्ष के बाद परिस्थितियों ऐसा उत्पन्न हुआ कि विदेशियों को देश छोड़ना पड़ा और देश को आजादी मिली। हमारे बीच में वीर बुधु भगत, सिद्धू कानू, बिरसा मुण्डा, निलम्बर-पिताम्बर, तिलका मांझी, फूलो-झानो, शहीद शेख भिखारी-शहीद टिकैत उमराव सिंह सभी जाति-धर्मो के महापुरुषों ने मिलकर इस देश को गुलामी से आजादी दिलाने की काम किया। आज अमृत महोत्सव मना रहे हैं और हमारे मणिपुर राज्य में आदिवासी बहनों के साथ जो घटनाएं हुई स्वतंत्रता भारत का सबसे निर्लज्जता की घटना है तो वह मणिपुर की घटना है। आज हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं और मणिपुर में आदिवासी बहन को नंगा करके घुमाया जा रहा है ऐसे में कैसा अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

### बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा की शुरूआत की

# अटल के सपनों को पूरा करेगी भाजपा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने व राज्य सरकार के खिलाफ संकल्प यात्रा निकालने के पहले बाबूलाल मरांडी ने राज्य की सत्ताधारी सोरेन परिवार पर बड़ा हमला किया। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को संकल्प यात्रा की शुरूआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट से करने वाले हैं। यात्रा के पहले उन्होंने बतौर प्रदेश अध्यक्ष पहली प्रेस वार्ता की और सोरेन परिवार पर नाम बदलकर आदिवासी जमीन लूटने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने जमीन के दस्तावेज भी प्रेस वार्ता में मीडिया के समक्ष रखा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ये सरकार केवल कमाने के लिए बनी है, काम करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि अब तो हद हो गई जब भ्रष्टाचार को रोकने की जिम्मेवारी रखने वाला व्यक्ति खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा है। उससे राज्य की जनता भ्रष्टाचार रोकने की उम्मीद नहीं कर सकती है। उन्होंने मीडिया के बीच दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि पूरा शिबू सोरेन परिवार आदिवासियों की जमीन लूटने में लगा है। दस्तावेज में दर्ज नामों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुंडा आदिवासी की जमीन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हेमंत कुमार सोरेन, पिता शिव सोरेन के नाम खरीदी। जबकि उनके बड़े भाई दुर्गा सोरेन के जमीन की रजिस्ट्री दुर्गा प्रसाद सोरेन, पिता शिव सोरेन के नाम और बसंत सोरेन की जमीन बसंत कुमार सोरेन पिता शिव सोरेन के नाम दिखाई गई। बाबूलाल ने कहा कि अब खुद फर्जी दस्तावेज बनाकर आदिवासियों की जमीन लूट रहा हो, उससे राज्य में मची लूट की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि ऐसे सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार से राज्य को मुक्ति दिलाने के लिए भाजपा संकल्पित है। इसी संकल्प को जनता के बीच संकल्प यात्रा के माध्यम से जा रही है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य के महान शहीद सिदो कान्हो , चांद भैरव और फूलो झानो की शहीद भूमि जिन्होंने राज्य के जल ,जंगल जमीन की स्वाभिमान, सम्मान की रक्षा के लिए अंग्रेजो से लड़ते हुए अपनी कुबार्नी देकर की, ऐसे महान विभूतियों की जन्मभूमि भोगनाडीह से शुरू होगी। मरांडी 17 अगस्त से 40 दिनों की संकल्प यात्रा पर रहेंगे।

### हाई कोर्ट से निलंबित आईएएस छवि रंजन ने जल्द सुनवाई का किया आग्रह

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से लैंड स्कैम के आरोपित निलंबित आईएएस छवि रंजन के अधिवक्ता ने बुधवार को उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने मेंशन याचिका के जरिये हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत से यह गुहार लगाई है। आईएएस छवि रंजन ने रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ( पीएमएलए) कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने हाई कोर्ट से डिफॉल्ट बेल देने यह गुहार लगाई है। इससे पहले छवि रंजन ने निचली अदालत में 167 की याचिका दाखिल की थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और एजेंसी को चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय निर्धारित की गयी है। रांची पीएमएलए कोर्ट ने भी उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

## स्व. अमिताभ चौधरी को दी गयी श्रद्धांजलि


फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अमिताभ चौधरी का हमसबों के बीच से अचानक चले गए, बुधवार को उनको शरीर त्यागे एक वर्ष हो रहा है यह एक अपूरणीय क्षति है। श्री चौधरी एक प्रशासक ही नहीं एक विचारधारा थे। आज के समय में हमसभी को उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। इन्होंने झारखंड को क्रिकेट की बुलंदी पर पहुंचाया। यहां के खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर क्रिकेट की सुविधाएं मुहैया करायीं। अमिताभ चौधरी की बदौलत आज झारखंड के कई युवा खिलाड़ी देश की टीम के साथ-साथ आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। इनके अथक प्रयास से विश्वस्तरीय स्टेडियम बन पाया रांची में जिससे राज्य और आसपास के राज्यों के खिलाड़ियों को भी सुविधा हुई मिल रही हैं। उनका असमय जाना एक असामान्य घटना है, राज्य के खेल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। लेकिन जब सांसारिक दुनिया में हैं तो शरीर की भी आयु होती है इसका जाना भी तय है। अमिताभ चौधरी ने बीसीसीआई, आईसीसी में राज्य और देश का प्रतिनिधित्व किया और झारखंड का मान बढ़ाया था, एक कुशल प्रशासक और मृदभाषी व्यक्तित्व के रूप में इनकी कमी हमेशा खलेगी। क्रिकेट सहित अन्य खेलों में भी श्री अमिताभ चौधरी जी की काफी रुचि थी और यथासंभव वो अन्य खेलों को भी प्रोत्साहन दिया करते थे। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि उनको अपने श्री चरणों में स्बनाये रखें साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

### जिम्मेदारी कार्टून प्ले स्कूल में हुआ मिसाल कार्यक्रम का आयोजन

# अपने बच्चों के लिए रोल मॉडल बनें पेरेंट्स : सांसद




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बच्चे जीवन में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ें और बेहतर भविष्य हासिल करें इसके लिए हर माता-पिता हर मुमकिन कोशिश करते हैं। माता -पिता अपने बच्चे के लिए रोल मॉडल होते हैं। रोल मॉडल वही है जो भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें और अपने व्यवहार एवं सोच से, साथ ही अपनी गलतियों से कुछ ना कुछ सीखता रहे। ऐसे में माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चे की नजरों में एक अच्छी छवि बनाएं। माता पिता अपने बच्चों के लिए कैसे रोल मॉडल बनें, इसी विषय पर हरमू स्थित कार्टून प्ले स्कूल में 'मिसाल - पेरेंट्स रोल मॉडल के रूप में ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'कार्टून प्ले स्कूल ' सड़क सुरक्षा थीम पर आधारित स्कूल है। जिसकी सराहना परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी कर चुके हैं। मिसाल में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ , प्रख्यात लेखक तुहिन सिन्हा और साइकोलॉजिस्ट डॉ भूमिका सच्चर उपस्थित थी। सांसद संजय सेठ ने पेरेंट्स को बच्चों के सामने अच्छी छवि बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पेरेंट्स को किताबें पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चे के मनोवैज्ञानिक विकास में आदर्श व्यक्तियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे अपने कौशल या उपलब्धियों, मूल्यों के आधार पर व्यक्तित्व की पहचान करने में बच्चे की मदद करते हैं। इसलिए हम सबको किताबें जरुर पढ़नी चाहिए साथ ही मोबाइल का प्रयोग जीवन में सावधानी से करना चाहिए , बच्चे पेरेंट्स को मोबाइल पर देखेंगे तो वो भी मोबाइल के आदी हो जायेंगे। तुहिन सिन्हा ने सड़क सुरक्षा पर बातें की , साथ ही झारखण्ड के परिपेक्ष्य में अपनी किताब बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हो आदि का जिक्र किया और कार्यक्रम में आये लोगों को अपनी किताबें उपहारस्वरूप दी। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने माता- पिता के सामने चुनिंदा बातों को रखते हैं और गलत बातों को छुपा लेते हैं , ऐसा करना उनके लिए कई बार खतरनाक साबित होता है। पेरेंट्स भी बच्चों से जुडी बातों का निर्णय अगर बच्चे के साथ मिल कर करें तो ऐसा करने से बच्चों के विचार भी खुलते हैं साथ ही उन्हें अपनी महत्व का भी एहसास होता है। उन्होंने पेरेंट्स का बच्चों के साथ सीधा संवाद करने पर बल दिया। डॉ भूमिका ने पेरेंट्स और युवाओं को मानसिक अवसाद से कैसे दूर रहा जाए साथ ही बच्चों के मोबाइल एडिक्शन को लेकर पेरेंट्स को समझाइश दी। उन्होंने कहा माता पिता बैलेंस बनाए रखें। माता-पिता अपने बच्चों पर ज्यादा प्रेम या ज्यादा सख्ती ना बरतें। हमेशा सामान्य व्यवहार रखें। ऐसा करने से बच्चे के व्यवहार में भी समानता आएगी और दिखावटीपन दूर होगा।

**बच्चे के मनोवैज्ञानिक विकास में आदर्श व्यक्तियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे अपने कौशल या उपलब्धियों, मूल्यों के आधार पर व्यक्तित्व की पहचान करने में बच्चे की मदद करते हैं**

### रांची से कामाख्या और भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेनें 22 और 29 को रहेंगी रद्द

**रांची।** रांची रेल मंडल से चलने वाली कुछ रेल गाड़ियों का परिचालन आने वाले कुछ समय तक प्रभावित रहेगा। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि पूर्व रेलवे के रामपुर हाट स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या रांची एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 22 अगस्त और 29 अगस्त को रांची से रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 15661 रांची कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 23 और 30 अगस्त को रद्द रहेगी। खुर्दा रोड मंडल में चल रहे विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया गया है।इसमें ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 29 अगस्त तक रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 02831 धनबाद भुवनेश्वर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा 16 अगस्त से 30 अगस्त तक रद्द रहेगी।

## रस्सी के सहारे उतरकर चोर ने की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में एक अजीब चोर की करतूत सामने आई है। चोरी के लिए उसने जो तरीका अपनाया, वह अपने आप में अजीब सा लगता है। चोर पहले चोरी करने के उद्देश्य से एक हार्डवेयर दुकान में घुसा। लेकिन जब वहां उसे कुछ हाथ नहीं लगा तो उसने मोटी सी रस्सी का बंडल चुरा लिया और फिर किसी फिल्म की तरह उस मोटी रस्सी के सहारे चोर 50 फीट नीचे दूसरी दुकान में उतरा। वहीं उसने चोरी की और फिर फरार हो गया।चोरी की यह अजीब घटना रांची पुलिस के नाक के नीचे अंजाम दिया गया है। राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में यह चोरी हुई है। लेकिन सबसे अहम बात यह है कि जिस स्थान पर दुकान में चोरी की वारदात को किया गया है, उसके ठीक सामने रांची एसएसपी, डीसी और नगर आयुक्त का कार्यालय है। 15 अगस्त को लेकर पुलिस अलर्ट पर भी थी। इसके बावजूद चोर ने बेखौफ होकर अपने काम को पूरा कर लिया।

### बेखौफ और दुःसाहस वाला काम

रांची के कचहरी चौक स्थित दो दुकानों में 15 अगस्त की देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। कचहरी चौक स्थित बिहार क्लब रांची का एक प्रसिद्ध स्थान है, क्योंकि यहां हर साल भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। बिहार क्लब में ही जनपद नाम की एक कपड़े की दुकान भी है। 15 अगस्त की रात जनपद और जनपद के ठीक बगल वाली हार्डवेयर दुकान में चोरी की घटना घटी है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि चोर ने बेहद दुःसाहस भरे तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया, लेकिन उसके हाथ मात्र 80 हजार रुपये और कुछ हजार रुपये के कपड़े ही आए। जबकि चोरी को अंजाम देने के लिए चोर ने अपनी जान खतरे में डाल दी।दरअसल, कपड़े की दुकान जनपद में प्रवेश करने के लिए चोर 50 फीट की ऊंचाई से रस्सी के सहारे नीचे लटक कर आता है और फिर वह चोरी को अंजाम देता है।

# जिले में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम, शान से लहराया तिरंगा

## विकास की यात्रा में पीछे रह गए लोगों के लिए बन रही योजनाएं : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार 15 अगस्त को आजादी की 77 वीं वर्षगांठ धूम धाम से मनाई गई. मुख्य समारोह शहर के रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में हुआ. आयुक्त वरुण रंजन ने तिरंगा फहराया. इससे पूर्व उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने परेड का निरीक्षण किया. स्कूली छात्रों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, उपायुक्त ने कहा कि आज का दिन अति विशिष्ट है क्योंकि विभिन्न प्रखंडों के सभी पंचायत में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई. नागरिकों में एकता, देशभक्ति की भावना बढ़ाने एवं स्वतंत्रता संग्राम को याद करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है. मुख्य समारोह में उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद आदि मौजूद थे. उपायुक्त ने कहा कि विकास की यात्रा में अपेक्षाकृत पीछे रह गए लोगों को केंद्र में रखकर योजनाओं की प्लानिंग एवं कार्यान्वन किया जा रहा है. बेलगड़िया में 6352 आवास का निर्माण हो चुका है, इसमें 2687 परिवारों को बसाया भी जा चुका है. अग्नि एवं भू धंसान प्रभावित 5035 परिवारों का आवंटन आदेश दिया जा चुका है. बीसीसीएल से 950 एकड़ भूमि के लिए एनओसी मिल गया है तथा 11920 आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है. झरिया विहार बेलगड़िया में लोगों को सभी मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए विद्यालय, सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्र, महाविद्यालय, अप्रोच रोड, मार्केट कंपलेक्स, पाइपलाइन, विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पंप हाउस, बोरवेल का विकास प्रगति पर है. जिले के विकास के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्प है.

## जमशेदपुर : टाटा मोटर्स में प्लांट हेड ने किया झंडोत्तोलन

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर टाटा मोटर्स में प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी ने झंडोत्तोलन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे देश के इतिहास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है. इस दिन हम राष्ट्र के उन वीर सपूतों को याद करते हैं, जिनके अथक परिश्रम और बलिदान के कारण 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी. यह उन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, त्याग और तपस्या का ही परिणाम है, की आज हर एक भारतीय इज्जत, प्रतिष्ठा एवं मौलिक अधिकारों के साथ खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं. उन्होंने ने कहा कि सभी जानते है की आजादी से अब तक हमारे देश में आधुनिक तकनीक से कृषि, स्वास्थ्य एवं कल्याण, इंजीनियरिंग एवं प्रद्योगिकी के साथ स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी विश्वपटल पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिख रहा है.

## गिरिडीह जिले में आन, बान व शान से लहराया तिंरगा



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में 77वां स्वंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर 15 अगस्त की सुबह स्कूली बच्चों ने वंदे मातरम के जयकारे के साथ प्रभातफेरी निकालकर कार्यक्रम का आगाज किया. नन्हे बच्चे अपने यूनिफॉर्म में तिरंगा लगाकर स्कूल जाते दिखे. इधर, जिले में झंडोत्तोलन का मुख्य समारोह झंडा मैदान में आयोजित हुआ. जहां बड़ी भीड़ जुटी थी. झंडा मैदान के भव्य मंच में जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी रही. प्रधान जिला जज वीना मिश्रा समेत कई न्यायिक अधिकारी, प्रोबिशनल आईएएस दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता विल्सन भेंगरा, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव समेत कई अधिकारी शामिल हुए. इस दौरान डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी दीपक कुमार शर्मा ने खुली जीप में पैरेड में शामिल 14 प्लाटून का निरीक्षण किया. 14 प्लाटून में सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल, आईआरबी, महिला जिला पुलिस बल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं बैंडपाइपर के साथ शामिल हुई. कार्मेल स्कूल अन्य स्कूल के छात्रों के प्लाटून भी पैरेड में थे. पैरेड के निरीक्षण के बाद डीसी व एसपी ने झंडोतोलन कर राष्ट्रगान के बीच राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. मौके पर डीसी ने जिले में केंद्र व राज्य संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गिरिडीह जिला पहले से अब और बेहतर कर रहा है. आगे और योजनाओं के जरिए गरीबी उन्मूलन का कार्य करना है.

## महिला किसानों ने लहराया तिरंगा, देशभक्ति का दिखाया जोश



**चाईबासा।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर देशभर में घर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसे लेकर हर कोई उत्साहित है. वहीं, पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों ने इसका विरोध करने का आह्वान लोगों से किया है. इसके बावजूद लोगों में देश की शान कहे जाने वाले तिरंगे के प्रति उत्साह कम होता नहीं दिख रहा है. इसी कड़ी में नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाले मनोहरपुर प्रखंड के मकंरडा में महिला किसान रविवार को लगातार मूसलाधार बारिश के बावजूद हाथों में तिरंगा लिए उसका सम्मान करते दिखाई दी. सुखाड़ का दंश झेल रहे किसान को लगातार हों रही बारिश से किसानों को थोड़ी उम्मीद जगी है. जिस कारण से किसान अपने खेतों में धान के बीचड़े की रोपाई में लगे हुए है. मनोहरपुर प्रखंड के सारंडा के मकरंडा पंचायत में महिला किसानों ने खेत में काम करते हुए तिरंगा लहराया.

### तांतनगर : धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**चाईबासा।** तांतनगर प्रखंड क्षेत्र में आजादी का जश्न धूमधाम से मनाया गया. विभिन्न कार्यालय, शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालय आदि में अतिथियों ने झांडोत्तोलन किया. प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख चांदमनी सिरका, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मिनू कुमारी, ओपी तांतनगर में प्रभारी राहुल कुमार राम, संकुल संसाधन केंद्र में बीईईओ देवशंकर महापात्रो ने झांडोत्तोलन किया.

## आइआइसीसी एवं आइएनआइएफडी संस्थान ने शान से फहराया तिरंगा



**रांची।** आज दिनांक 15 अगस्त 2023 का मेन रोड स्थित आइआइसीसी एवं आइएनआइएफडी संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। हर साल की तरह इस साल भी स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आलोक प्रसाद को आमंत्रित किया गया। जो कि झारखंड टूरिज्म में जीएम के पद पर हैं। इस अवसर पर हमारे वीर सपूतों को भी याद किया गया और उनके त्याग और बलिदान का उल्लेख किया गया एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए गए। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर महबूब आलम ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने का मंत्र दिया और प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर शिक्षक गण में आमिर आरफीन, हरेंद्र कुमार, शिखा सराओगी, कोमल सेठ, किरण कुमारी आदि उपस्थित थे।

## यूको बैंक की मुख्य शाखा में झंडोत्तोलन



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को महात्मा गांधी मार्ग मेन रोड स्थित यूको बैंक की मुख्य शाखा में झंडोत्तोलन किया गया। यूको बैंक के अंचल प्रबंधक मेजर (रिटायर्ड) विक्रांत टंडन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपने संदेश में अंचल प्रबंधक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हमें देश प्रेम की भावना सतत बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण की अपील की। मौके पर यूको बैंक के शाखा प्रबंधक श्रीकांत सिंह, मुख्य प्रबंधक अंजू सिन्हा, बैंक अधिकारी आशीष सिंह, अभिलाष घोष, जितेंद्र तिवारी, नारद पॉल, ओपी वर्मा,हरीशचंद्र मुर्मू, सम्मानित वरिष्ठ नागरिक व ग्राहक एनके मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बोकारो : यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता आशा किरण बारला का जोरदार स्वागत



**बोकारो।** स्पेन के त्रिबांगो शहर में आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतकर बोकारो थर्मल पहुंचीं लौटी एथलेटिक्स आशा किरण बारला का भव्य स्वागत किया गया. बारला 15 अगस्त की देर रात बोकारो थर्मल लौटी थीं. उनके सम्मान में लोगों ने ढोल-नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकाला. जुलूस में जिप सदस्य शहजादी बानो, भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी के कोच आशू भाटिया, जीपी सिंह, संजय प्रसाद, मुखिया चंदना मिश्रा, राजू पंडित सहित सैकड़ों खेलप्रेमी शामिल थे. यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में आशा किरण बारला ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है.

## चाईबासा : झारखंड के कराटे कारों ने महाराष्ट्र में चार पदकों पर जमाया कब्जा




**चाईबासा।** दसवीं सोईची शसाकी मेमोरियल जेकेएआई ऑल इंडिया मास्टर कराटे चैंपियनशिप सह राष्ट्र स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सतारा महाराष्ट्र के आर्ट एवं कॉमर्स कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. कराटे चैंपियनशिप एवं कराटे प्रशिक्षण शिविर में जेकेएआई झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक सह अध्यक्ष सेंसाई पंकज कुमार सिंह ब्लैक बेल्ट छठी डॉन जापान एवं सेंसाई डॉ. अमरेश अनीश ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन जापान सह महासचिव ने भाग लिया.

# सीसीएल कर्मी की मौत, बेटे को मिला नियुक्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के अमलो परियोजना में कार्यरत घसिया लाल राम (46 वर्ष) की 15 अगस्त को हाइवा की चपेट में आकर मौत हो गई. वह मकोली नीचे घौड़ा का रहने वाला था. बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, बीएमएस के रवींद्र कुमार मिश्रा व भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह की पहल पर सीसीएल ढोरी प्रबंधन ने मृतक के छोटे पुत्र अजय कुमार को नौकरी दी है. परिजनों की सहमति पर ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने अपने कार्यालय में 16 अगस्त बुधवार को अजय कुमार को माता व अन्य परिजनों के समक्ष नियुक्ति पत्र सौंपा. साथ ही मृतक की पत्नी को 75 हजार रुपए का चेक प्रदान किया. ज्ञात हो कि घसिया लाल राम मंगलवार को बाइक से फुसरो से मकोली नीचे घौडा स्थित अपने आवास लौट रहा था. रास्ते में फुसरो-डुमरी मुख्य मार्ग पर अमलो पीओ कार्यालय के समीप तेज गति से आ रहे हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने मकोली मोड़ के पास सड़क जाम कर दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया. नियुक्ति पत्र देने के मौके एसओपी प्रतुल कुमार, कार्मिक प्रबंधक एके मिश्रा, श्रमिक नेता गिरजा शंकर पांडेय, हरेंद्र सिंह, आर उनेश, विनय कुमार सिंह, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, जवाहरलाल यादव, छेदी नोनिया, विकास सिंह, मुरारी सिंह, प्रदीप सिंह, अविनाश सिंह, महफूज आलम, धीरज पांडेय, बैजनाथ महतो, कुंज बिहारी प्रसाद, मनोज ठाकुर, कैलाश ठाकुर आदि मौजूद थे.

## स्कूलों में शान से लहराया तिरंगा

**गिरिडीह।** आजादी के 76 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को गिरिडीह जिले में हर्षोल्लास के साथ आजादी का जश्न मनाया गया. मौके जिलेभर के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा लहराया. इस क्रम में गिरिडीह के विभिन्न संगठनों, सामाजिक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों व राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तिरंगा फहराकर सलामी दी गई. इस मौके पर लोगों भारत माता की जय, वंदेमातरम् आदि नारे लगाए. सभी राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय में झडोत्तोलन किया गया.

# जमशेदपुर : घर में लाखों की चोरी आभूषण, नकद व बाइक ले उड़े चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड के कृष्णानगर निवासी ममता देवी के घर का दरवाजा तोड़कर चोरों ने लगभग पांच लाख रुपए के सोने के आभूषण, पचास हजार रुपये नकद और एक बाइक की चोरी कर ली. ममता देवी कोर्ट में टाइपराइटिंग का काम करती है. बताया जाता है कि सोमवार रात ममता देवी और उनके परिवार के सदस्य पड़ोस में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में गए हुए थे. रात ज्यादा होने के कारण वे लोग अपने रिश्तेदार के घर में ही रुक गए. मंगलवार सुबह 5 बजे जब ममता देवी अपने घर लौटी तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया. अलमीरा का लॉकर भी टुटा हुआ था और घर के सारे सामान बिखरे हुए थे. घर के बरामदे में खड़ी बाइक भी गायब थी. ममता देवी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व जिस कमरे में चोरी हुई है उसी कमरे में उनके छोटे बेटे ने आत्महत्या कर ली थी. लेकिन परिवार के लोग आज भी उस घटना को आत्महत्या नहीं मानते, बल्कि उसे हत्या मानते हैं. ममता देवी ने बताया कि उनके मृत पुत्र के सारे जरूरती कागजात के साथ-साथ मृत्यु प्रमाण पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट अलमारी में रखा हुआ था, जिसे लेकर चोर चलते बने. ममता देवी ने चोरी की सूचना भाजपा नेता विकास सिंह को दी. सूचना मिलने पर ममता देवी के आवास पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को ममता देवी ने बताया कि उनके बेटे की हत्या की गई थी और हत्या के साक्ष्य को मिटाने के लिए ही अपराधियों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है.

## धनबाद : पांचवी पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद



**धनबाद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि पर सिंदरी स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई. कार्यालय के संयोजक सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह सहित अन्य लोगों ने बुधवार 16 अगस्त को उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर पूर्व पार्षद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जनता के बीच अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे. वे विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते थे. महिलाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक समानता के समर्थक भी रहे. उनके तीन बार के प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु परीक्षण कर विश्व की नजर में भारत को शक्तिशाली राष्ट्र घोषित किया था. श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता दिनेश सिंह, ब्रजेश सिंह, संजय सिंह, रासबिहारी सिंह, कामेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कुंदन श्रीवास्तव, रमेश सिंह, अरुण सिंह, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जगदीश सिंह, सोमनाथ दुबे, विश्वनाथ पाण्डेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## हजारीबाग : नूडल्स खाने से एक ही परिवार के छह लोगों को हुई फूड प्वाइजनिंग

**हजारीबाग।** हजारीबाग के उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर गली संख्या-8 में एक ही परिवार के छह लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गये. सभी कटकमसांडी के शाहपुर के रहनेवाले हैं. बताया जाता है कि सभी ने घर में नूडल्स खाया था. उल्टी, पेट दर्द और सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत के बाद सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों का कहना है कि सभी को फूड प्वाइजनिंग हुई है. छह में से तीन लोगों का ऑक्सीजन लेवल कम हो गया था. उन्हें ऑक्सीजन दिया गया. धीरे-धीरे तीनों की स्थिति सामान्य हो रही है. वहीं अन्य का इलाज चल रहा है. इधर विधायक के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी इसकी सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना. साथ ही मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार से बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया. रंजन चौधरी ने फूड इंस्पेक्टर को इसकी जानकारी दी।

**भारत माता की जय**

## सहायक कमांडेंट ने डीएवी में किया झंडोत्तोलन, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

# देश-समाज सेवा के लिए बच्चों को लेनी होगी अच्छी शिक्षा : संतोष कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 77वें स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर बतौर मुख्यातिथि कोबरा 203 बटालियन के सहायक कमांडेंट संतोष कुमार ने डीएवी पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण किया. जिनका स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने किया. बच्चो ने खेल शिक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में सैनिक मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज को सलामी दिया. कार्यक्रम में जिप सदस्या प्रीति कुमारी, कोबरा 203 के इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, अश्विनी शर्मा, सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, महिला थाना के एसआई कामेश्वर सिंह आदि कई अतिथि मौजूद रहे. जिन्हे विद्यालय हेड बॉय अभय

### स्वतंत्रता अक्षुण्ण रखना और अपने पीढ़ियों को सौंपना हम सबों की है जिम्मेवारी : प्राचार्य

आर्यन और गर्ल्स हेड शौर्य दीप ने स्वागत किया. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए अभिभावकों और बच्चो को देश सेवा और समाज सेवा के लिए अच्छी शिक्षा लेने की बात कही. प्राचार्य ने स्वतंत्रता सेनानियों की वीर गाथाओं की चर्चा किया. साथ ही लोगों से इस स्वतंत्रता को छूने रखने के साथ अपने पीढ़ियों को सुरक्षित सौंपने की बात भी कही. उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त किया. मौके पर विद्यालय की बच्चों ने आदिवासी, पंजाबी, नागपुरी, राजस्थानी, मराठी, क्लासिकल जैसे नृत्य संगीत, एकांकी आदि कार्यक्रमों से उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया. मंच संचालन संयुक्त रूप से राजेश कुमार सिन्हा, ममता सिंह और शिवानी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया. कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के छात्र आदित्य कुमार, नंदनी कुमारी, श्रुति चौधरी, निधि कुशवाहा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं नरसिंह शर्मा, मुकेश कुमार, रमेश कुमार ,राजेश कुमार,रेखा सिंह ,रंजीत कुमार, आलोक कुमार सिन्हा ,अनिल कुमार ,निर्मल प्रसाद, दीपक शरण,



अमित चतुर्वेदी अजीत कुमार राणा ,मिथिलेश कुमार, सुशील सिंह, विजय कुमार , सतीश कुमार, सुधीर कुमार, शिवपूजन कुमार,अमित कुमार, सुनील केसरी ,आलोक सिंह, मुकेश कुमार ,प्रदीप गोराई, प्रवीण कुमार राय, प्रह्लाद कुमार, प्रतिक आनंद पांडे ,उमेश कुमार राणा, वीरेंद्र तिवारी ,निखिल वर्मा, अभय पाठक, फूलमती कुमारी, अर्चना शर्मा ,कुमारी पूनम ज्योति ,संध्या सिंह ,नीरू कुमारी, ममता कुमारी, मुन्नी कुमारी, शिखा कुमारी, अनुराधा कुमारी, उषा कुमारी, आरती कुमारी आदि की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। गौतम कुमार अखौरी, अमित कुमार, अजय कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, जगदेव, विकास टोप्पो और अनिल कुमार मिश्रा की भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने तिरंगे को सलामी दी

# देशवासियों को विकास से जोड़ने के लिए संकल्पित हों अधिकारी : सुमन कैथरीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सम्मान के साथ तिरंगे को सलामी दी. मौके पर उन्होंने कहा कि देशवासियों को सर्वांगीण विकास से जोड़ने के लिए अधिकारियों को दृढ़ संकल्पित होने की आवश्यकता है. सुदूरवर्ती गांव तक विकास की योजनाएं पहुंचाना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए. हमारा देश सभी क्षेत्रों में प्रगति करते हुए विकसित देशों की अग्रणी श्रेणी में शामिल हो. उन्होंने वीर सपूतों को हृदय से नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत के फलस्वरुप ही हम गुलामी की बेड़ियों से स्वतंत्र हो पाए हैं. आज हम मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाकर अपने वीर शहीदों को याद करते हुए कृतार्थ हो रहे हैं. प्रमंडलीय आयुक्त ने हजारीबाग जिले में सफलतापूर्वक संपन्न विकास योजनाओं का संक्षिप्त ब्योरा सबके समक्ष साझा किया. मौके पर स्वतंत्रता सेनानी, डीआईजी, डीसी, एसपी समेत जिला प्रशासन से जुड़े सभी विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया. मौके पर परेड में शामिल पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थी भी मौजूद थे. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य समारोह के मंच से शहीद जवान स्व. मणिभूषण मिश्रा की पत्नी वीणा मिश्रा को सम्मानित किया गया. वहीं फिट इंडिया क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी स्कूल के शुभम कुमार और सीमान हार्दिक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. समाजसेवी नीरज कुमार के मुक्ति धाम सेवा संस्थान खासकर उनकी संस्था की ओर से 90 से अधिक लावारिस लाशों के अंतिम संस्कार करने के लिए सम्मानित किया गया. झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका के लिए जिला प्रशासन की ओर से डॉ. कमल नयन सिंह, इफ्तेकार अहमद सर्फी, दिलीप वर्मा, सतीश कुमार, अनवर हुसैन अंसारी, चंद्रनाथ भाई पटेल और सुखदेव प्रसाद यादव को सम्मान पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. मौके पर जेपी आंदोलन में सक्रिय भूमिका के लिए प्रदीप कुमार पांडेय, केदार सिंह और अधिवक्ता स्वरूप चंद जैन को भी सम्मानित किया गया. स्वतंत्रता दिवस समारोह में बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस पुरुष व महिला बटालियन, होम गार्ड, एनसीसी कैडेट्स और इंदिरा गांधी आवासीय बालिका की टुकड़ियों ने भाग लिया. परेड में शामिल टीम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोफेशनल कैटेगरी में सीआरपीएफ और बीएसएफ प्रथम एवं द्वितीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया.

## स्वतंत्रता के मूल अर्थ को समझने की जरूरत : बी एन साह



**रामगढ़।** राधा गोविंद स्वतंत्रता दिवस समारोह समारोह में बतौर मुख्य फूलमती देवी, प्रियंका कुमारी, रजीउद्दीन एवं विशिष्ट अतिथि देवी, कुमारी रानी एवं विनोद रहे।मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट किया गया तत्पश्चात को सलामी दी गई । मार्शल किया गया । राधा गोविंद में कॉय 9/2022 द्वारा किया गया स्वागत अभिभाषण के दौरान मंडल ने सभी आगंतुक किया और स्वतंत्रता दिवस की की शुरूआत गणेश वंदना से एक कार्यक्रम आयोजित किए विद्यालय, दीन दयाल गोविंद स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं विश्वविद्यालय प्रांगण में 77 वां हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । अतिथि कुलाधिपति बी एन साह, प्रति कुलाधिपति प्रो.( डॉ.) एम चेतू साव ( उद्योगपति ) सविता किस्कू ( समाजसेवी ) उपस्थित अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण ध्वजारोहन किया गया एवं झंडे आर्ट एवं कराटे का भी प्रदर्शन एनसीसी 22 वीं बटालियन के परेड आकर्षण का केंद्र रहा । कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार गणमान्य अतिथियों का स्वागत बधाई दी । सांस्कृतिक कार्यक्रम हुई इसके उपरांत एक से बढ़कर गए जिसमें राधा गोविंद उच्च उपाध्याय मेगा स्किल सेंटर, राधा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी का अर्थ आराम करना नहीं बल्कि समाज को एक नई ऊचाईयों की ओर ले जाना है साथ ही उन्होंने भारत को दुनिया में नंबर एक बनाने के लिए एकता के साथ आगे बढ़ने का सन्देश दिया ।

## बरकट्ठा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शान से फहराया गया तिरंगा




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शान से तिरंगा झंडा फहराया गया।प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रेणु देवी, बरकट्ठा थाना में दिनेश कुमार, गोरहर थाना में शशि भूषण कुमार, दिव्य कल्याण आश्रम मे विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक आवासीय कार्यालय में जानकी प्रसाद यादव, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह में मुजीब अंसारी, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत भवन में प्रमिला देवी, बेलकप्पी पंचायत भवन में ललिता देवी, झुरझुरी पंचायत भवन में प्रियंका कुमारी, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत भवन में अब्बास अंसारी समेत अन्य पंचायत भवन में मुखिया ने शान से तिरंगा फहराया। वही सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में प्रधानाध्यापक ने झंडोतोलन किया। तत्पश्चाप विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही देश भक्ति संगीत से पूरा वातावरण गुंजित हो उठा।

## रामगढ़ : डाक सहायक रविशंकर राय ने किया झंडोत्तोलन




**रामगढ़ :** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर चितरपुर उपडाकघर में डाक सहायक रविशंकर राय ने झंडोतोलन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। डाक विभाग परिवार इस बार भी सभी घरों में हर घर तिरंगा पहुचाया। स्वतंत्रता दिवस पर उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने में सभी लोगों को एक सूत्र में बंधे रहना होगा। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक विभाग के सुरेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार नायक, कुमारी चीकू,विशेश्वर पासवान, सुनील कुमार, तौफीक अंसारी, सिकंदर मुंडा, रवि कुमार, सुमित कुमार, अजय पटवा, महावीर भगत , रामचरण साव, बाबू पोद्दार, लाडली सहित अन्य मौजूद थे ।

## श्री दिगंबर जैन समाज ने मंदिर जी के प्रांगण में किया झंडोत्तोलन




**रामगढ़ ।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ ने 77वे स्वंतत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मन्दिर जी के प्रांगण में झंडोतोलन किया । झंडोतोलन में समाज कि महिलाएं सामूहिक रूप से शामिल हुईं । मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक जैन ने स्वंतत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवम् शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कहा राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है। जैन समाज हमेशा राष्ट्र निर्वाण मे अहम योगदान दिया है और देते रहेगा। श्री जैन ने समाज की सभी महिलाओं का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्र का ध्वजारोहण कर एकजुटता का परिचय दिया, इस मातृ शक्ति को हार्दिक अभिनंदन एवम प्रणाम करते हैं । मौके पर मानिक जैन,अरविंद सेठी, नरेन्द्र छाबड़ा, जंबू पाटनी, अशोक सेठी,मनोज काला,विनोद पहाड़िया ,ललित चुड़िवाल,सौरभ अजमेरा,राजेश सेठी, रमेश सेठी, हरक चंद अजमेरा,पदम चंद छाबड़ा,जीवन पाटनी,प्रकाश अजमेरा,विमल सेठी, टीकम चंद बगड़ा ,महेंद्र बगड़ा,अशोक काला,संजय सेठी,संजय जैन,अजय जैन,राजेंद्र चुड़ीवाल,प्रदीप पाटनी , राहुल जैन,सुभाष सेठी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## स्वतंत्रता दिवस पर बरही में शान से लहराया तिरंगा






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 77वां स्वतंत्रता दिवस पर बरही के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थानों में शान से तिरंगा लहराया. सर्वप्रथम एसडीओ पूनम कुजूर ने अनुमंडल कार्यालय में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुरूआत किया. अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, अवर निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार विकास कुमार, बार एसोसिएशन में सचिव राजकुमार लाल, थाना में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख मनोज रजक, बीआरसी भवन में बीईईओ रामशरण दांगी ने ध्वजारोहण किया. बरही चौक, प्रखंड मैदान, पूर्वी पंचायत भवन विधायक सह झाविस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने राष्ट्रध्वज फहराया. जिन्हे एसआई महेंद्र बैठा, चंदन कुमार की अगुवाई में बरही थाना के सशस्त्र बल सहित उपस्थित लोगो ने सलामी दिया. पूर्वी पंचायत भवन परिसर में विधायक सहित उपस्थित ने शहीदों के सम्मान में पट्टिका का भी अनावरण किया.वही आरएनवाईएम महाविद्यालय में सचिव परमेश्वर यादव, इंटर महाविद्यालय बरही में सचिव मुरारी गोप, डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, आईलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक शैलेश कुमार, सनराइज एकेडमी में निदेशक सुरेश कुमार, डॉ बी आर अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में प्राचार्य गुलाब दास आदि ने झंडोतोलन किया. प्रखंड मैदान में प्लस टू उच्च विद्यालय, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय आदि के बच्चो ने आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत किया.

## विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्टेडियम में स्वतंत्र नव युवक संघ के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काट कर किया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्घाटन मैच चक और बेंदी के बीच खेला गया। जिसमें चक की टीम ने बेंदी को 3-0 से पराजित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है और खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। युवा खेलकूद के माध्यम से अपना कैरियर बना सकते हैं। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरुरी है। विदित हो स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष स्वतंत्र नव युवक संघ बरकट्ठा के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

## झुरझुरी की नवनियुक्त मुखिया प्रियंका कुमारी ने किया झंडोत्तोलन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी पंचायत भवन प्रांगण में नव नियुक्त मुखिया प्रियंका कुमारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राण को निछावर करने वाले समस्त वीर शहीदों को सहृदय कोटि कोटि नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ।कहा कि माँ भारती की स्वतंत्रता, सेवा व संस्कृति के सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वाधीनता सेनानियों, वीर क्रान्तिकारियों का स्मरण कर, साहस के साथ अपनी-अपनी चुनौतियों पर विजय प्राप्त करें और जीवन में आगे बढ़े। उन्होंने राष्टीयता की भावना को और प्रबल करने, अपने राष्ट्र निमार्ताओं के सपनों को साकार करने तथा समृद्ध, खुशहाल, विकसित और सशक्त नए भारत के निर्माण में भागीदार बनने की लोगों से अपील की। झंडो तोलन में पंसस मंजू देवी,पंचायत सेवक प्रवीण कुमार वर्मा,मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव,पंचायत के सभी वार्ड सदस्य,महेंद्र प्रसाद,सहदेव प्रसाद वार्ड सदस्य,गजाधर यादव (बिट्ठू),नारायण प्रसाद शिक्षक,रामेश्वर महतो,खगेंद्र प्रसाद,मुन्ना प्रसाद,राजकुमार चौधरी,मनोज यादव,छोटन यादव,बिशुन यादव,बहादुर यादव, अरुण कुमार यादव,डॉक्टर सोबरन प्रसाद,त्रिवेणी प्रसाद,छोटी लाला प्रसाद,धनेश्वर पांडेय,राजेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

**वंदे मातरम**

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी छः शाखाओं में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. जहां बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रमो की समां ने देर संध्या तक अभिभावकों को बैठने के लिए मजबूर रखा. पंचमाधव स्थित मुख्य शाखा में विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने तिरंगा लहराया. मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मी और बच्चे मौजूद थे. ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे विद्यालय के बच्चो ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किया. जिसका संचालन विद्यालय की छात्रा खुशी और पायल ने किया. जिसका निर्देशन स्वयं निदेशक ने किया. जिसमे उपस्थित लोगो को बच्चो ने अपने भाषण, देशभक्ति, धार्मिक, कविता, आर्ट, रिकॉर्डिंग डांस आदि गीतों की मधुर संगीत से देर संध्या तक लोगो को बांधे रखा. कार्यक्रम में लंदन देखा पेरिस देखा, ढफली वाले आदि जैसे कई कर्णप्रिय गीतो पर लोग झूमने के लिए मजबूर हो गए. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि इंटर साइंस कॉलेज के निदेशक बसंत मिश्रा, विशिष्ट अतिथि बीईईओ रामशरण दांगी सहित आर के द्विवेदी आदि सहित विद्यालय के अभिभावक और बच्चे मौजूद थे.

**मुख्य अतिथि ने संस्कृत शिक्षा पर दिया जोर:** स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए मुख्य अतिथि ने धूमिल होती भारतीय संस्कृति की मूल पहचान संस्कृत शिक्षा को पुनः प्रसारित करने की जोरदार वकालत किया. उन्होंने कहा कि आज अंग्रेजी शिक्षा ही भारतीय संस्कृति के विनाश का मुख्य कारण है. जिसका उपस्थित अभिभावकों और बच्चो ने तालियों के साथ स्वागत किया. विशिष्ट अतिथि बीईईओ ने कहा कि निष्ठापूर्वक किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है. उन्होंने विद्यालय के अप्रतिम सफलता के लिए निदेशक को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया. निदेशक ने भी अपने विद्यालय में संस्कृत शिक्षा को बेहतर बनाने की बात कही. उन्होंने माना कि आज संस्कृत के अच्छे शिक्षक का अभाव है. उन्होंने कहा की सफलता पाने के लिए दायित्वों के प्रति पागल बनने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में शामिल पत्रकारों सहित विद्यालय विकास में सार्थक योगदान देते वाले अभिभावकों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम सफल बनाने में सभी शिक्षको और कर्मियों ने सार्थक योगदान दिया.

## चेचकपी मुखिया ने खिलाड़ियों के बीच जर्सी का किया वितरण



**बरकट्ठा।** चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निजी खर्च से खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में हमारे पंचायत के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी।इससे मुझे काफी खुशी हुई और अपने तरफ से इन खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए जर्सी वितरण किया।साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाया।मौके पर समाजसेवी महिलाल टुडू ,मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, कैलाश टूडू सुखदेव सिंह, झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया के प्रधानाध्यापक उमा शंकर सिंह तथा स्कूल के शिक्षक गण ,तिलैया वार्ड सदस्य मनीष सिंह, पंसस सूरजमुनि देवी, मोहन साव समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने हस्तशिल्प मेला का किया उद्घाटन

**हजारीबाग।** स्वतंत्रता दिवस पर हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने 'हस्तशिल्प मेला 2023' का उद्घाटन किया. मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित और प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा उपस्थित रहीं. इससे पहले उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने आवासीय परिसर और समाहरणालय में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. वहीं सुबह में एसपी के साथ शहीद स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया.

# स्वतंत्रता दिवस : सिमडेगा में शान से फहराया तिरंगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सिमडेगा जिले भर में आन बान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया जिला मुख्यालय स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने मुख्य झण्डोतोलन कार्यक्रम स्थल परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में ध्वाजारोहण कर तिरंगा झण्डे को सलामी दी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने परेड का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने मुख्य झण्डोत्तोलन समारोह के मंच से कहा कि हमसब मिलकर उन तमाम स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारत के वीर सपूतों को याद करें जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुती दी है। स्वतंत्रता प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी वीर सपूतों को शत-शत नमन करते हैं।उपायुक्त महोदय के द्वारा जिले के विभिन्न विभागों जैसे -ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, जिला राजस्व शाखा, स्वास्थ्य प्रक्षेत्र, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, जिला विकास शाखा, जिला शिक्षा विभाग, जिला आपूर्ति शाखा, जिला समाज कल्याण शाखा, सामाजिक सुरक्षा शाखा, कृषि विभाग एवं उद्यान प्रक्षेत्र, राज्य खेलकूद, युवा कार्य एवं संस्कृति विभाग, झारखण्ड कृषि ऋण माफी, जिला पंचायत राज शाखा, जिला मत्स्य, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, श्रम प्रक्षेत्र में झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, नगर परिषद, झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्द्धन सोसाईटी सहित आकांक्षी जिला के विकास कार्यों के बारे में बताया।

### पुलिस लाइन में एसपी ने किया झंडोत्तोलन

पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जिला पुलिस केंद्र में ध्वजारोहण कर 76 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने संबोधन करते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महापुरुषो को नमन करता हूं।



सिमडेगा पुलिस जिला अंतर्गत विधि- व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, उग्रवाद नियंत्रण एवं अनुसंधान नियंत्रण हेतु लगातार प्रयत्नशील है. अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से विगत वर्षों में कुल 404 गिरफ्तार एवं 06 अवैध हथियारों की बरामदगी की गई है। मानव तस्करी की रोकथाम के लिए सिमडेगा जिला अंतर्गत एक एएचटईयू थाना कार्यरत हैं. सिमडेगा पुलिस द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम के लिए तीन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। वही सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वह इधर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी बच्चे तथा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इसके अलावे जिला परिषद्सिमडेगा में जिला परिषद् अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, नगर परिषद् एवं अनुमंडल कार्यालय, सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार समादेष्टा कार्यालय में डीएसपी पतरस बरवा के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।मुख्य कार्यक्रम में प्रधान जिला जज, विधायक कोलेबिरा एवं सिमडेगा, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, अधिकारी, विभिन्न स्कूलों से आए बच्चे, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मियों एवं बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित थे।

## शैमरॉक गुरूकुल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित शैमरॉक गुरूकुल में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक पल्लव कुमार ने तिरंगा फहराकर किया. वहीं प्राचार्य सीमा सिंह ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया. इस मौके पर शहीदों को याद किया गया. सीमा सिंह ने बच्चों को स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान और त्याग के बारे में विस्तार से बताया. वहीं बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से देश के भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति को खूबसूरत तरीके से उकेरा. बच्चों ने बीते युग और आज के युग में आये बदलाव के बारे में बताया. उन्नति को रेखांकित किया.

### 'नन्हा मुन्ना राही हूं.. देश का सिपाही हूं' पर थिरके बच्चे

कार्यक्रम के दौरान नर्सरी और केजी-1 के बच्चों ने नन्हा मुन्ना राही हूं.. देश का सिपाही हूं' गाने पर डांस कर लोगों का मनमोह लिया. वहीं केजी-2 और कक्षा-1 के बच्चों ने कंधों से मिलते हैं कंधे, कदमों से कदम मिलते हैं' गाने पर डांस किया. जबकि सीनियर गर्ल्स ने योग के माध्यम से अपने देश की प्राचीन संस्कृति को दशार्या. इस मौके पर कुछ बच्चों ने अंग्रेजी और हिंदी भाषा में भाषण भी दिया वहीं कुछ बच्चों ने देशभक्ति और वीरता पर कविता भी सुनाई. इसमें कक्षा 4 के प्रांजल सिंह, कक्षा 3 की स्वाति जैन, कनक कुमारी और आरव भारती, कक्षा 1 की आरोही आर्या ने भाग लिया.

## सिमडेगा मंडलकारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन, तीन कैदियों को किया गया रिहा




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेल अदालत का आयोजन मण्डल कारा, सिमडेगा में किया गया। उक्त जेल अदालत में चोरी एवं मारपीट के आरोप में बंद तीन बंदियों को रिहा किया गया। जी० आर० वाद संख्या 252 / 23, जो कि टीटांगर थाना से संबंधित है, चोरी के मामले में कारा में संसीमित बंदी गुलशन तुरी को जेल में बितायी गई अवधि के बराबर सजा दे कर रिहा किया गया। इसी प्रकार जीआर वाद संख्या 334 / 15, जो कि बानो थानों से संबंधित है, मारपीट में संसीमित पति - पत्नी शनिका लोहरा एवं ज्योति देवी को जेल में बितायी गई अवधि के बराबर सजा दे कर रिहा किया गया। जेल अदालत में मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आनन्द मणि त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा, मनीष कुमार सिंह, अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी, मंजीत कुमार साहु, प्रभारी लोक अभियोजक, अमित श्रीवास्तव, असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल एवं जेलर मो यूसुफ आजाद उपस्थित थे। इसके अलावा जेल में बंदियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें निशुल्क विधिक सहायता एवं एलएडीसीएस के बारे में बताया गया।

## 10 अग्निवीरों का सेना में चयन ट्रेनिंग से वापस लौटने पर स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** इंडियन डिफेंस अकादमी, झुमरी तिलैया के मार्गदर्शन में 10 अग्निवीरों का सेना में चयन हुआ. ट्रेनिंग से वापस लौटने पर झुमरी तिलैया के इंडियन डिफेंस अकादमी में उनका भव्य स्वागत किया गया. कृष्णा कुमार, सचिन कुमार, रामजी यादव, दीपक यादव, अरविंद यादव, अनिल यादव, सुनील यादव, सुमन कुमार, शुभम सिंह, पंकज यादव का चयन सेना में अग्निवीरों के रूप में हुई है. अग्निवीरों ने बताया कि हमलोग इंडियन डिफेंस अकादमी, झुमरी तिलैया में प्रैक्टिस करते थे. हर रोज सुबह 4 बजे उठकर यहाँ आते थे और सुभाष सर, सोनू सर और प्रशांत सर ने मिलकर हमें ट्रेनिंग दी. हमलोग लगातार 4-5 घंटे प्रैक्टिस करते थे, तब जाकर हमारा सेलक्शन हो पाया. अग्निवीरों ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर काफी अफवाहें फैली हुई थी कि यह केवल 4 साल की स्कीम है. उसके बाद जिनका 25% में रिटेन नहीं हो पाया तो उन लोगों का क्या होगा. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभी सरकार इसके ऊपर काम कर रही है.

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई सर्वप्रथम अटल जी के तस्वीर में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की अटल जी हिमालय जैसे विराट व्यक्तिगत के धनी थे। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। वे तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहें उनकों झारखंड से बहुत प्रेम था। उन्होंने ही अपने प्रधानमंत्री काल में अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी अपने विचार रखें और कहा भारतीय जनता पार्टी के पितामह थे अटल जी वे हिंदी के कवि एवं एक प्रखर वक्ता थे अटल जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे अटल जी एक जीवन नहीं संस्कार थे एक कवि और साहित्यकार के रूप में हमेशा देश के युवाओं में जोश - जुनून भरा है।

## जलडेगा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के सुभ अवसर पर जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत कैथोलिक युवा संघ द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के दिन हमारा देश भारत आजाद हुआ, हमारे सेनानियों ने इस देश के लिए अपने जीवन को कुबार्नी दी है।तब जाकर हमारा यह देश आजाद हुआ,जिसके याद में हम आजादी की आज खुशियां मना रहे हैं। फलस्वरूप खेल कूद का आयोजन करते हुए अपना प्रेम सौहार्द को दशार्ते हुए फुटबॉल टूनार्मेंट किया गया है।इस खेल का भी अलग पहचान है।आज सरकार ने खेल पर अरबों रुपए खर्च कर रहे हैं,खेल के माध्यम से नौकरी पाने के लिए



युवा आगे आ रहें हैं। फुटबॉल पूरी दुनिया में एक सबसे लोकप्रिय खेल है। यह बहुत दिलचस्पी के साथ लगभग सभी देशों में खेला जाने वाला एक सस्ता खेल है। वे खिलाड़ी जो इसका नियमित रुप से अभ्यास करते हैं, उन्हें बहुत से तरीकों से लाभ मिलता है। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत से लाभ प्रदान करता है। फुटबॉल एक अच्छा खेल है, जो विभिन्न पहलुओं से, जैसे- शारीरिक, सामाजिक, बौद्धिक और वित्तीय रुप से खिलाड़ियों को लाभ पहुँचाता है। यह खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज में एक अलग पहचान बनाता है। शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती पाने के लिए बच्चों को घर के साथ ही स्कूल में भी फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर मौजूद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, जिला परिषद सदस्य रोजलिया शान्ता कांडूलना, प्रखण्ड प्रमुख जोसेफ लुगुन, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जाडिया, अवध साहू, अमर, मोहम्मद मुमताज, अजय एक्का, आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने प्रतिबंधित मवेशी हत्या मामले में पांच को भेजा जेल

**सिमडेगा।** मुफस्सिल पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित मवेशी हत्या करने के मामले में पांच लोगों को बनाबिरा छुरीटांगर से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गिरफ्तार लोगों की पहचान निवेदन बाड़ा ,चोन्हास बाड़ा, नीलेंद्र लोहरा लोरनतूस एक्का, अमित विनय तिर्की शामिल है इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 14/23 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वही जब प्रतिबंधित मवेशी की मांस को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दफनाया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र पासवान ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनाबिरा छुरीटांगर गांव में ग्रामीणों को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित मवेशी को काट रहे थे ।और इसके बाद ग्रामीणों ने उन लोगों को घेर रखा था इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

## मणिपुर हिंसा पीड़ित को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की ओर से दिया गया मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मणिपुर हिंसा के कारण मणिपुर से जान बचाकर लौटे सेलेस्टीन बाड़ा के परिवार से सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के झारखण्ड प्रदेश के नेता तथा आल इंडिया क्रिश्चियन माईनोरिटी फ्रंट के स्टेट कोर्डिनेट प्रवीण कच्छप ने मुलाकात कर राशन तथा आर्थिक सहयोग किया। सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी के झारखण्ड प्रदेश के नेता प्रवीण कच्छप ने कहा कि पार्टी जाति, धर्म से ऊपर उठकर दलित, शोषित, मजदूर, किसान के साथ खडी है तथा मणिपुर की घटना पर मर्माहत हैं । सेलेस्टीन बाड़ा के परिवार के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हैं इस विषय पर सरकार को और सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है।वहीं ऑल इंडिया क्रिश्चियन माईनोरिटी फ्रंट के स्टेट कोर्डिनेटर के तौर पर श्री कच्छप ने कहा कि क्रिश्चियन माईनोरिटी फ्रंट सेलेस्टीन बाड़ा के परिवार के वयस्क सदस्यों को रोजगार मुहैय्या कर परिवार को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है।

**सम्मानित** — सिमडेगा अल्बर्ट एक्का मैदान में अंतर्राज्यीय वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# प्रतियोगिता को भव्य बनाने के लिए सबक सहयोग जरूरी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का मैदान में खचाखच भरे दर्शकों के बीच अन्तरार्जीय वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित हुए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चक्रधरपुर झारखंड ने सबडेगा ओड़िशा को 2-0 से हराकर चैंपियन बनी। विधायक ने विजेता टीम को एक लाख नगद, ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 51 हजार नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने प्रतियोगिता की सराहना की। साथ ही कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से सिमडेगा की पहचान दूर राज्यों तक हो रही है। आज यहां हो रहे प्रतियोगिता को देखने के लिए दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंच रहे हैं। हम सबको मिलकर इस प्रतियोगिता को आगे बढाना है। इसके लिए सबका सहयोग जरूरी है। अगले बार इस टूर्नामेंट को और भी भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा। प्रतियोगिता को भव्य बनाने के लिए सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, संवेदक, जनप्रतिनिधि सहित आम आदमी भी आर्थिक सहयोग करे। ताकि आयोजन समिति को प्रतियोगिता की सफलता के लिए चंदे जमा करने में परेशनी न हो। पूरा जिला इस टूनार्मेंट की सफलता के लिए सहयोग की भागीदारी बने। ताकि अयोजन समिति को कोई परेशानी न हो। प्रतियोगिता में ओड़िशा से नृत्य मंडली ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की। इधर आयोजन समिति ने विधायक का भब्य और जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, समरोम पौल तोपनो, थॉमस सोरेंग की पत्नी, बेटी, दमाद, खेल




पदाधिकारी प्रवीण कुमार, फा ब्रुनो टोप्पो, आयोजन राजेश सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, ललन प्रसाद, विद्या बड़ाईक, मोनू बड़ाईक,विकास साहु सहित कई लोग उपस्थित थे।विधायक भूषण बाड़ा ने प्रतियोगिता को भव्य बनाने लिए हर संभव मदद करने की बात कही। साथ ही कहा कि अगली बार प्रतियोगिता के विजेता टीम को 2 लाख रुपये की नगद राशि दी।अगले बार से पहला पुरस्कार दो लाख नगद राशि दी जाएगी। साथ ही उपविजेता टीम को एक लाख रुपये दी जाएगी। ताकि दूर राज्य से भी ज्यादा से ज्यादा टीम प्रतियोगिता में भाग ले सके।

## NEWS इन ब्रीफ

### पति ने पत्नी और बेटी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में जनपद बदायूं के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी और छह माह की बेटी की हत्या कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. ओपी सिंह और तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया है। भुड़ेली गांव में रहने वाले अखिलेश ने बिहार की रहने वाली युवती खुशबू से भाग कर शादी की थी। उसकी छह माह की बेटी थी। उसने अपनी दोनों छोटी बहनों के सामने पत्नी खुशबू और बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी है। दोहरे हत्याकांड से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर एसएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने अपना जूर्म स्वीकारते हुए बताया है कि घर की आये दिन हो रही कलेश से तंग आकर उसने पत्नी और बेटी की हत्या की है। वारदात के दौरान उसकी बहनें मौजूद थी, लेकिन छोटी होने की वजह से वह इसका विरोध नहीं कर सकी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### चलती ट्रेन में किन्नर ने यात्री को घोंपा चाकू

**अररिया।** लंबी दूरी के ट्रेनों में आरक्षित बोगी में यात्रा करने वाले यात्री कितने सुरक्षित है इसका सहज अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को चलती ट्रेन में एक किन्नर ने एक यात्री को चाकू मारकर घायल कर दिया। किन्नर यात्री के जेब से जबरन पैसे निकाल रहा था विरोध करने पर किन्नर ने हमला कर दिया था। घटना 15 अगस्त के दिन का है। सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा करने को फारबिसगंज के सिरसिया निवासी चंदन कुमार नवगछिया स्टेशन पर बोगी में सवार हुए। उसी दौरान एक किन्नर ताली बजाते हुए उनके पास पहुंच गया और पैसे मांगने लगा। इन्होंने जेब से पांच रुपये का सिक्का निकाल कर दे दिया। इससे किन्नर भड़क उठा और उनके जेब में जबरन हाथ डालकर पैसे निकालने लगा। यात्री चंदन कुमार ने जब विरोध किया तो किन्नर ने मारपीट शुरू कर दिया। अपने पास से चाकू निकानलने के साथ हमला कर दिया। जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। कटिहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर आरपीएफ ने इस घायल यात्री का इलाज कराया। बुधवार की सुबह फारबिसगंज आरपीएफ प्रभारी उमेश प्रसाद सिंह को सौंप दिया।आरपीएफ प्रभारी ने घायल यात्री को जोगबनी जीआरपी के सुपुर्द किया। इससे पहले इसी सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन में ही मारपीट की घटना हो चुकी है। अररिया में जुमार्ने की राशि को लेकर टीटी ने बेगूसराय जिला के बखरी थाना अंतर्गत समसा करेटांक निवासी 55 वर्षीय यात्री प्रेम कुमार साह कर पिटाई कर दी थी। इसमें इनका दांत टूट गया था।घटना के बाद ट्रेन में मौजूद यात्रियों के आक्रोशित होने पर टीटी ने स्लीपर से भाग कर एसी बोगी के शौचालय में छिपकर अपनी जान बचाई।

### रेलवे ने नौ ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में ट्रेनों के रफ्तार बढ़ाने को लेकर चल रहे सुरक्षा संबंधी सुधार और ट्रैक रखरखाव का काम होना है। इसके कारण रेलवे ने नौ ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की है। आज से एक हफ्ते बाद रक्षा बंधन का त्योहार आने वाला है, लोग अपने रिश्तेदारों परिवारों से मिलने घूमने-फिरने जाते हैं, लेकिन ट्रेनों के निरस्त होने से उनकी परेशानियां बढ़ गई है रिलवे प्रशासन के के अनुसार 16 से 22 अगस्त तक रायपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल,17 से 23 अगस्त तक गेवरा रोड से चलने वाली ट्रेन नंबर 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल,16 से 22 अगस्त तक बिलासपुर और शहडोल से चलने वाली ट्रेन नंबर 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

---

### सीएम योगी ने फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के छात्रों से किया संवाद, कहा

# मरीजों को मिलेगी सस्ती दवाईयां



**एजेंसी। लखनऊ**

मरीजों को किफायती दर पर गुणवत्तापरक दवाएं मुहैया कराने की दिशा में प्रदेश सरकार ने अहम कदम उठाया है। पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के माध्यम से इन हाउस फामेर्सी शुरू करने का फैसला लिया गया है।

इस संबंध में प्रदेश के छह राजकीय मेडिकल कॉलेजों को चुना गया है। नई व्यवस्था लागू होने से भर्ती व ओपीडी मरीजों को आसानी से दवाएं मिल सकेंगी। बुधवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय के अफसरों को मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की व्यवस्था को और मजबूत व सुचारू बनाने के निर्देश दिए।

डिप्टी सीएम ने बताया कि कानपुर, गोरखपुर, मेरठ, आगरा, प्रयागराज और झांसी के राजकीय मेडिकल कालेज में पीएमएसएसवाई के अन्तर्गत संचालित सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में फामेर्सी खोली जाएगी। केंद्रीयकृत रूप में पीपीपी मॉडल पर इन हाऊस फामेर्सी संचालित होगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि 15 दिन के भीतर इच्छुक फर्म आवेदन कर सकती हैं। एक से दो माह के भीतर फामेर्सी का संचालन किया जाएगा। इसके बाद मरीज फामेर्सी से दवाएं हासिल कर सकेंगे। इसमें जरूरी सर्जिकल सामान भी होगा। ताकि मरीजों को इलाज के लिए किसी भी चीज के लिए भटकना न पड़े। जिन बीमारियों से पीड़ित मरीज अधिक भर्ती हो रहे हैं।उनमें कौन सी दवाएं अधिक इस्तेमाल हो रही हैं? ऐसी दवाएं फामेर्सी में अधिक पर्याप्त मात्रा में रखगी जाएंगी। दवाओं की गुणवत्ता से किसी भी तरह का फर्म समझौता न करें। शिकायत मिलने पर फर्मों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।डिप्टी सीएम ने कहा कि फामेर्सी का संचालन 24 घंटे किया जाएगा। हालांकि यह जरूरत के हिसाब से तय किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के प्रथम शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के छात्रों से संवाद किया।

इस अवसर मुख्यमंत्री ने संस्थान के समस्त शिक्षकों एवं छात्रों का परिचय भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हम लोग उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना करेंगे। प्रसन्नता है कि आज इसका पहला बैच 5 कोर्सेज के साथ शुरू हो रहा है। गृह विभाग के साथ ही संस्थान से जुड़े लोगों को इसे वर्ल्ड क्लास इंस्टीट्यूट के रूप में स्थापित करना है। हम नए कोर्सेज लेकर आएंगे। फॉरेंसिक से जुड़े टॉप संस्थानों के साथ एमओयू हो रहे हैं। नॉलेज शेयरिंग की जा रही है। अच्छी से अच्छी फैकल्टी का चयन किया जा रहा है।सीएम योगी ने कहा कि समाज में हम गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेसी जैसे शब्दों को सुनते हैं। यदि समयबद्ध तरीके से लोगों को न्याय नहीं मिल पाता है, न्याय सुगम नहीं है, सस्ता नहीं है तो फिर बेकार है।

### हनी ट्रैप में फंसाकर सैनिक से 20 लाख और दो फ्लैट ठगे

**मेरठ।** मेरठ में सेना के जवान को हनी ट्रैप में फंसाकर उससे 20 लाख रुपये और दो फ्लैट ठग लिये। शादीडॉटकॉम के जरिए जवान की दोस्ती युवती से हुई थी। जवान की न्यूड फोटो और वीडियो क्लिक करने के बाद उससे ठगी की गई। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में रहने वाले सेना के लांसनायक भूपेंद्र रावत ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। पीड़ित ने बताया कि परिजनों के कहने पर उसने 10 अप्रैल 2019 को अपनी ईमेल आईडी, फोन नंबर से शादीडॉटकॉम पर रजिस्ट्रेशन कराया था। उसके पास भारती भंडारी नामक महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। दोनों के बीच शुरू हुई बातचीत प्रेम प्रसंग में बदल गई। आरोप है कि महिला ने उसकी कुछ न्यूड वीडियो और फोटो ले लिये। इसके बाद महिला उसे वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने लगी। महिला और उसके परिजनों ने सैनिक पर शादी का दबाव डाला।

## जादवपुर विवि के छात्र की मौत मामले में चार और गिरफ्तार




**एजेंसी। कोलकाता**

जादवपुर विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की छत से गिरकर हुई मौत मामले में चार और छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आरिफ अंकन सरकार और असित सरदार के तौर पर हुई है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इनमें से आसित विश्वविद्यालय का पूर्व छात्र है जबकि अन्य यहां पढ़ाई करते हैं। इसके अलावा दो और छात्रों को भी हिरासत में लिया गया है। कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त शंख शुभ्र घोष, डीन ऑफ स्टूडेंट्स और रजिस्ट्रार से पूछताछ करेंगे। पता चला है कि कोर्स पास कर जाने के बावजूद 20 से अधिक छात्र विश्वविद्यालय के हॉस्टल में अवैध तरीके से रह रहे हैं। इसके पहले इस मामले में सौरभ चौधरी, दीप शेखर दत्त और मनोतोष घोष को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तीनों के मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए पहले ही भेजे जा चुके हैं। पुलिस को संदेह है कि इसमें से कई सारे फोटो-वीडियो और कॉल डिटेल मिटाए गए हैं।

# कांग्रेस पार्टी में निष्ठा व जिताऊ उम्मीदवार को ही मिलेगा टिकट : प्रदेश प्रभारी शैलजा



**एजेंसी। रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक में उम्मीदवारों के चयन को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैल्जा ने दो टूक में कह दिया है कि किसी भी उम्मीदवार के आवेदन पार्टी के बड़े नेता या फिर चुनाव समिति के सदस्यों से स्वीकार नहीं किए जाएंगे, बल्कि उम्मीदवारों को 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही टिकट के लिए आवेदन करना होगा। 15 अगस्त को आधी रात करीब साढ़े 12 बजे तक चली कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैल्जा, चुनाव समिति और पीसीसी के अध्यक्ष दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और स्पीकर चरणदास महंत समेत समिति में शामिल 8 मंत्री और पदाधिकारी मौजूद रहे। पहली बैठक में दावेदारों के आवेदन की प्रक्रिया को लेकर ही फैसला लिया गया है। प्रदेश प्रभारी कुमारी शैल्जा ने कहा कि इस समय कांग्रेस सत्ता में है और मौजूदा हालात में किस तरह काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा की गई है। वहीं उम्मीदवारों के लिए तय किए गए क्राइटेरिया को लेकर शैल्जा ने कहा कि सभी की राय यही थी कि दो चीजें होनी चाहिए पार्टी और नेतृत्व के प्रति निष्ठा और दूसरा जीतने वाला उम्मीदवार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि टिकट दावेदारों के आवेदन केवल ब्लॉक में ही लिए जाएंगे। किसी भी बड़े नेता या चुनाव समिति के सदस्यों से सीधे आवेदन स्वीकार नहीं होगा। 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन लिए जाएंगे। दावेदारों से आवेदन की कोई फीस नहीं ली जाएगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएंगे,जिसे भरकर देना होगा। 24 तारीख अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नामों को लेकर बैठक पूरी कर ली जाएगी। ब्लॉक कमेटी 1 से 5 नामों का पैनल बनाकर दे सकती है। 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी के पाए आए आवेदन और उनके प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे।

# दिग्विजय-कमलनाथ को देश से लेना देना नहीं: सीएम शिवराज



**एजेंसी। भोपाल**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह और कमलनाथ द्वारा हिंदू राष्ट्र के संबंध में दिये गए बयानों पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि इन दोनों को देश, हिंदू धर्म या समाज से कोई लेना देना नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने बुधवार को माता मंदिर चौराहे पर रानी अवंतिबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान की शपथ ली है या हिंदू राष्ट्र की? वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा के दौरान कहा था कि धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र की बात नहीं की। उन्होंने सर्वधर्म की बात कही है। हिंदू राष्ट्र बनाने की बात क्या है, यहां 82% हिंदू तो हैं। यह हिंदू राष्ट्र है, कहने की क्या आवश्यकता है? यह तो आंकड़े बताते हैं। हिंदू राष्ट्र को लेकर दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि चाहे दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ.. इनको न हिंदुत्व से लेना-देना है और न ही देश से। इनको समाज से भी कोई लेना-देना नहीं है। ये वोटों की फसल काटने के लिए जब जो ठीक समझते हैं, वह कहते हैं।

# राज्यसभा सदस्य ने सूजा गांव को लिया गोद, बदलेगी तस्वीर



**एजेंसी। बेगूसराय**

गांव सूजा की दशा व दिशा को बदलने के लिए राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ने उसे गोद ले लिया है। बेगूसराय में बुधवार को उन्होंने पत्रकारों को यह जानकारी दी। राकेश सिन्हा ने बताया कि 15 अगस्त 2019 को उन्होंने मेघालय में सीटी बजाने वाले गांव के नाम से चर्चित कोंगथोंन गांव को गोद लिया था।आज चार साल में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर का गांव बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में दो बार उस गांव का उल्लेख किया। यहां पर बड़े पैमाने पर पर्यटक आ रहे हैं, गांव विकसित हुआ, लोगों का जीवन स्तर बदल गया। विकास के सभी पैमाने उपलब्ध हो गए। अब मेघालय के कोंगथोंन गांव की तरह बिहार के बेगूसराय जिला में स्थित सूजा गांव की भी दिशा और दशा में अब बदलाव हो जाएगा। वहां के विकास का सभी पैमाने उपलब्ध कराने के बाद अब उन्होंने बेगूसराय के सूजा को गोद लिया है। झंडोत्तोलन के लिए वे सूजा के महादलित बस्ती में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि 2020 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आए थे। बड़ी-बड़ी बातें हुई थी, घोषणाएं की गई थी लेकिन आज तक यहां पर एक तिनका काम नहीं हुआ। यह मानवीयता और विकास पर धब्बा है। राकेश सिन्हा ने कहा कि गांव तस्वीर बदल देंगे तो तकदीर बदल जाएगी। सबसे पहले वहां रहने वाले परिवार, बच्चे, स्कूल, सड़क, पानी निकासी, सामुदायिक भवन, चिकित्सा सेवा का सर्वेक्षण करेंगे। इसके अलावा और क्या सुविधा के दी जा सकती है, इसका आकलन करेंगे।

# पांच साल बाद नीतीश कुमार को अटल जी की आई याद, श्रद्धांजलि देने पहुंचे नई दिल्ली



**एजेंसी। पटना/नई दिल्ली**

अटल बिहारी वाजपेई की मृत्यु के 5 साल बाद नीतीश कुमार को अचानक बाजपेई जी याद आ गए। बुधवार को नई दिल्ली स्थित समाधिस्थल ह्लसदेव अटलह्व पर पहली बार हुआ जब नीतीश कुमार अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने दिल्ली पहुंचे। आज से पांच साल पहले यानि 16 अगस्त 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का निधन हो गया था। दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार दोपहर करीब दो बजे अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर पहुंचे और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।उसके बाद नीतीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी उनसे बहुत स्नेह करते थे।नीतीश ने कहा- अटल जी ने मुझे केंद्र में कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी थी।मुझे मुख्यमंत्री बनाने में उनकी भूमिका थी और जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहा था तो वे शपथग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 2018 में अटल जी का निधन हुआ था तो मैं यहां आया ही था।लेकिन बीच में कोराना के कारण यहां नहीं आ पाया था।हालांकि नीतीश कुमार की ये दलील हास्यास्पद ही थी। कोरोना के कारण सिर्फ 2020 में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि समारोह नहीं हुआ था।. इसके अलावा हर साल उनकी पुण्यतिथि पर वहां श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।लेकिन नीतीश कुमार 2018 के बाद पहली दफे उनकी समाधिस्थल पर पहुंचे। दूसरी ओर भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने नीतीश कुमार के वाजपेयी प्रेम पर तीखा हमला बोला है। सुशील मोदी ने बुधवार को कहा कि नीतीश कुमार एक तरफ अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की तारीफ करते हैं तो दूसरी तरफ पीए नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की परंपरा को नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं,।

**पहल** | केले के तने से तैयार जैविक खाद बना कमाई का जरिया।

# खाद की बिक्री से हो रहा किसानों को लाभ



**एजेंसी। पटना**

केले की खेती करने वाले किसान इसके फल के साथ तना से जैविक खाद बनाकर इसका उपयोग खेती के लिए तो कर ही रहे हैं, इस खाद की बिक्री कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर रहे हैं। खाद के प्रयोग में अच्छी सफलता मिलने के बाद बिहार के समस्तीपुर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा इसके प्रति किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षण भी दे रहा है। इसके लिए मशीन भी लगाई गई है। करीब 250 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

वर्ष 2020 - 2021 के आकड़े के अनुसार, बिहार में केला कुल 35.32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाया जाता है, जिससे कुल 1612.56 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। बिहार की उत्पादकता 45.66 टन प्रति हेक्टेयर है।

भारत में उत्पादित 90 प्रतिशत से अधिक केले का घरेलू स्तर पर ताजे फल के रूप में सेवन किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक केले में प्रसंस्करण केवल 2.50 प्रतिशत ही होता है। विश्वविद्यालय के मुताबिक, बिहार में लगभग चार लाख लोग केले की खेती, कटाई, हैंडलिंग और परिवहन पर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। लगभग 70-80 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर केले के घौद (बंच) की कटाई के बाद केले के आभासी तने को खेत के बाहर फेंक दिया जाता था। केला उत्पादक किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केले के आभासी तने के इस विशाल बायोमास को मूल्य वर्धित उत्पादों में बदलना है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्विद्यालय ने वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत एक कार्यदल बना कर पिछले साल कार्य करना प्रारंभ किया और इसके सफल परिणाम सामने आए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पांडेय बताते हैं कि इसके बहुत लाभ हुए हैं। केले के तने का प्रसंस्करण कर उससे विभिन्न तरह के मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने के भी अनुसंधान कार्य से लोगों को लाभ हुआ। फेंके हुए तने से रेशा निकालकर उससे मैट, हैट, बैग, टोकरी, कैलेंडर आदि उपयोगी सामान बनाए जा रहे हैं।

केले के बेकार फेंके जाने वाले तने को कुछ दिन बाद प्रायः किसान जला देते हैं। केला उत्पादक किसान केले की कटाई के बाद तने से वर्मी कंपोस्ट खाद, रेशा निकालकर तथा उससे उपयोगी सामान बनाकर केले के तने से सैप यानी पेय पदार्थ बनाकर अच्छी कमाई कर रहे हैं। इस परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. एसके सिंह बताते हैं कि अनुसंधान के तहत केले के थंब से लगभग 50 टन वर्मी कंपोस्ट तैयार की गई। किसानों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि पहले केला के फल के अलावा कुछ प्राप्त नहीं होता था। कुछ धार्मिक कार्यों में तने की मांग होती थी, लेकिन आज तने की बराबर मांग हो रही है।

### शीतलकुची में महिला को मारी गोली, घायल

कूचबिहार। जिले के शीतलकुची में गोली लगने से एक महिला घायल हो गई है। घायल महिला का नाम रोशना बीबी (35) है। फिलहाल वे अस्पताल में चिकित्साधीन है। घटना बुधवार को शीतलकुची के पठानटुली इलाके में घटी है।

बताया जा रहा है कि बकरियों द्वारा धान खाने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इस दौरान कथित तौर पर एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर गोली चला दिया। जिसे पड़ोसी रोशना बीबी के पैर में गोली लग गई। घायल रोशना बीबी को शीतलकुची ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्रारंभिक इलाज के बाद उसे कूचबिहार रेफर कर दिया गया है। घटना के मौके पर शीतलकुची थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस बारे में शीतलकुची थाना प्रभारी मृत्युंजय चक्रवर्ती ने कहा कि गोली चलाने का आरोप पड़ोसी पर लगे है। जिमें एक महिला घायल हुई है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

'क्रोध और आंधी दोनों एक समान ही होते हैं, क्योंकि दोनों के शांत होने के बाद ही पता चलता है कि नुकसान कितना हुआ है।' - अज्ञात



# मरांडी की संकल्प यात्रा

***आगामी*** लोकसभा चुनाव और झारखंड सरकार के कार्य काल की कमियां गिनाने के लिए भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरूवार से संकल्प यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा सदन से सड़क तक राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर कर रही है। मरांडी राज्य को भय, भूख, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त कराने के संकल्प के साथ राज्य के सभी 24 जिलों के 263 प्रखंडों की यात्रा करेंगे। यात्रा सात चरणों में होगी। सभी चरणों के लिए अलग-अलग यात्रा संयोजक एवं टोली बनाई गई है। जिसकी शुरूआत हो चुकी है।10 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में रांची एवं हटिया विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा के साथ यात्रा की समाप्ति होगी। बहरहाल चुनाव की बाबत कई सवाल लोगों के जेहन में उठने शुरू हो गये हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल प्रत्याशी चयन का मामला गंभीर समस्या बन कर आ रहा है। जैसे लोकसभा चुनाव में इस बार हजारीबाग में बड़े उलट-फेर का प्लॉट तैयार हो रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में जयंत सिन्हा भाजपा की लहर में सवार होकर बड़े अंतर से चुनाव जीतते रहे हैं। पिछले चुनाव में वह 4.79 लाख के अंतर से चुनाव जीते, वहीं 2014 में करीब दो लाख के अंतर से बाजी मारी थी। वर्तमान में हजारीबाग की चुनावी राजनीति में अलग-अलग गोटियां चली जा रहीं हैं। इसी बीच भाजपा के अंदर भी दावेदार थे, ऐसी स्थिति में साथी आजसू ने अंत में बाजी मार ली।

**लोकसभा चुनाव में इस बार हजारीबाग में बड़े उलट-फेर का प्लॉट तैयार हो रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में जयंत सिन्हा भाजपा की लहर में सवार होकर बड़े अंतर से चुनाव जीतते रहे हैं। पिछले चुनाव में वह 4.79 लाख के अंतर से चुनाव जीते, वहीं 2014 में करीब दो लाख के अंतर से बाजी मारी थी।**

उधर भाजपा की तरफ से हजारीबाग सदर के विधायक मनीष जायसवाल और मांडू के विधायक जेपी पटेल को लेकर चर्चा थी। भाजपा के यदुनाथ पांडेय भी ताल ठोंक रहे थे। मनोज यादव चतरा के साथ यहां से भी दावेदारी कर रहे हैं. आइएएस कोचिंग चलानेवाले एके मिश्रा के नामों की चर्चा भी खूब रही। भाजपा ने भी गिरिडीह में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यक्रम कर उत्तरी छोटानागपुर की कई सीटों को साधने का प्रयास किया है। राजनीतिक फिजां में हवा ने रुख बदला है, तो ऐसे में जयंत के रास्ते में इस बार रोड़े ही रोड़े हैं। उसी प्रकार पलामू लोस सीट को लेकर कयासों के कई बादल मंडरा रहे हैं। जैसी स्थिति बन रही है,आने वाले दिनों में बीडी राम का भक्षी पता कट जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। हजारीबाग की चारों विधानसभा सीटों बरही, बड़कागांव, रामगढ़, मांडू और हजारीबाग के ज्यादातर भाग में पार्टी का प्रभाव है। सांसद जयंत सिन्हा ने आजसू कार्यकताओं की उपेक्षा की है। यही कारण है कि आजसू स्थानीय कार्यकताओं के सहारे अपना पत्ता खोल रही है। साथ ही सफल भी दिख रही है। केंद्रीय नेतृत्व के सामने जयंत सिन्हा का प्रोफाइल बड़ा है। वह केंद्र में वित्तीय मामलों के जानकार नेताओं में शामिल हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हें वित्तीय मामलों में बड़ी जिम्मेदारी देती रही है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की टास्क टीम का हिस्सा हैं। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के करीबी माने जाते है। बावजूद यह भाजपा है। इस बात को सभी जानते हैं। ऐसे में इन छोटी और मोटी बात का जवाब भी आने वाले दिनों में बीजेपी अध्यक्ष के ही जिम्मे ही होगी। बहरहाल संकल्प यात्रा के बहाने और कई बातें सामने आने की पूरी संभावना है।

# लालकिला से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात





ऋतुपर्ण दवे

***लालकिला*** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था। यूँ कहें कि नये मिजाज और नये रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग 'परिवार जनों' से शुरूआत कर इतना संकेत दे दिया कि वे न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा बोलेंगे, जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे, जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छाशक्ति से संभव हो पाया है। गठित नये मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सिनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिये पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है।

**विश्व देश की प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेंट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे।**

**इन दिनों**

पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराये के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी। भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिये गये नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा। 2023 में 10 वीं बार दिया उनका भाषण 90 मिनट का था। 2022 में 84 मिनट 4 सेकेण्ड, 2021 में 88 मिनट, 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे बड़ा भाषण 2016 में दिया। एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 10 बार भाषण देकर प्रधानमंत्री ने कुल 13 घण्टे 46 मिनट 4 सेकेण्ड तक लालकिला की प्राचीर से देश को संबोधित किया। उनका दो बार कहना 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए' बड़े इशारे हैं। पहली बार 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है।' दूसरी बार कहा 'इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है।' प्रधानमंत्री ने स्वयं अपनी रणनीतिक आक्रामक व तिलमिला देने वाली शैली के तहत भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ पूरे सामर्थ्य से लड़ने की बात कहने के साथ ही 2024 में भी लालकिले से फिर संबोंधन की बात कह विपक्ष पर जो तगड़ा प्रहार किया है उस पर एक अलग बहस तय है। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब तक तेजी से चर्चा भी शुरू हो चुकी होगी। इतना तो साफ है कि कहीं न कहीं प्रधानमंत्री ने 2024 की जबरदस्त तैयारियों के संकेत भी दिये। 2014 में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम लेकर सभी को देश की उपलब्धियों से जोड़ने वाले नरेन्द्र मोदी 2023 में बेहद बदले, अलग व सख्त तेवर में दिखे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बोलने के मायने बहुत गहरे हैं। खास ब्यूरोक्रेट्स को इसका श्रेय देना और जताना कि मेरे लाखों हाथ-पैर देश के कोने-कोने में सरकार की जिम्मेदारियाँ बखूबी निभा रहे हैं, कहना बड़ी राजनीतिक चतुराई है। यह विश्वास जताना क्या बताता है कहने कि जरूरत नहीं। अब इसे 2024 का शंखनाद कहें, चुनावी भाषण या देश की मौजूदा तस्वीर। हां इतना है कि लालकिला से इस बार मोदी ने मन बात जरूर कही है।

**बोधि वृक्ष**

## *आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की*

***सम्राट*** चंद्रगुप्त ने इतने बड़े साम्राज्य का अधिपति होते हुए भी कभी इस विचार को प्रश्रय नहीं दिया कि मैं अतुल धन संपदा और राज्य लक्ष्मी का स्वामी हूं। वह सदैव यही मानता रहा कि मैं प्रजा का सेवक मात्र हूं, अपने मार्गदर्शक महामति चाणक्य का विनम्र अनुगामी भर हूं। जो इतने बड़े राष्ट्र के गठन में प्रधान भूमिका निभाने तथा अतुल वैभव का उपभोग करने में समर्थ होते हुए भी शहर से बाहर एक साधारण सी कुटिया में रहते हैं। सर्वोच्च शासन पद पर रहते हुए भी इतना निर्लिप्त और अनासक्त जीवन जीवक चंद्रगुप्त मौर्य ने भारतीय इतिहास में एक स्वर्ण अध्याय अपनी कर्म लेखनी से लिख डाला। यथा राजा तथा प्रजा के अनुसार चंद्रगुप्त के शासन काल में लोग भी उतने ही सदाचारी और एक दूसरे का ध्यान रखने वाले हो गये थे। फिर भी शासन की ओर से किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाती थी। चाणक्य द्वारा लिखित अर्थशास्त्र, जो राज्य व्यवस्था का प्रमुख मार्गदर्शक ग्रंथ माना जाता है, के अनुसार तथा चाणक्य के परामर्श से सारा राज-काज चलता था। सैन्य-संगठन तथा सुरक्षा व्यवस्था इतनी सुद्दढ़ बनायी गयी थी कि बाहर का कोई भी शत्रु राष्ट्र की सीमा को बेध नहीं सकता था। इतिहास में चंद्रगुप्त मौर्य के शासन काल में ही सिल्यूकस सिकंदर के आक्रमण का उल्लेख भी आता है परंतु उसे पराजित होकर ही जाना पड़ा। लगभग 24 वर्षों तक राज्य कर 297 ई.पू. चंद्रगुप्त का देहांत हो गया।


***(समाप्त)***

**आइये सुने कथा छत्रपति शिवाजी की**

**भारत** के इतिहास में कुछ वीरों का नाम से स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। ऐसा ही एक नाम शिवाजी राव भोंसले का है जिन्हें सभी शिवाजी के नाम से जानते हैं। मुगलों के लिए वो एक साहसी डाकू और पहाड़ी चूहा के नाम से प्रसिद्ध शिवाजी के जीवन चरित्र की झांकी से आपको परिचित करवाते हैं।

***(क्रमशः)***

# अगस्त 1909 महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा का बलिदान



रमेश शर्मा

***स्वत्व*** और स्वाभिमान रक्षा के लिये क्राँतिकारियों ने केवल भारत की धरती पर ही अंग्रेज अधिकारियों को गोली मारकर मौत की नींद नहीं सुलाया अपितु लंदन में भी क्रूर अंग्रेजों के सीने में गोलियां उतारी। क्राँतिकारी मदन लाल ढींगरा ऐसे ही क्राँतिकारी थे जिन्होंने लंदन में भारतीयों का अपमान करने वाले अधिकारी वायली को पाँच गोलियाँ मार कर ढेर कर दिया था। सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी मदनलाल धींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को पंजाब प्राँत के अमृतसर नगर में हुआ था। परिवार की पृष्ठभूमि सम्पन्न और उच्च शिक्षित थी। पिता दित्तामल जी सिविल सर्जन थे और आर्यसमाज से जुड़े थे। पर स्थानीय अंग्रेज अधिकारियों के भी विश्वस्त माने जाते थे। जबकि माताजी अत्यन्त धार्मिक एवं भारतीय संस्कारों में रची-बसी थीं। वे आर्यसमाज के प्रवचन आयोजनों में नियमित श्रोता थीं। इस प्रकार मदनलाल ढींगरा को बचपन से ही अंग्रेज और भारतीय परंपरा दोनों का परिचय मिल गया था । लेकिन जब विद्यालय गये तो वहाँ उन्होंने भारतीय विद्यार्थियों के साथ अपमान जनक व्यवहार देखा जिसका प्रतिरोध किया । शिकायत घर पहुँची। पिता ने समन्वय बिठाकर शिक्षा प्राप्त करने की सलाह दी। इसी मानसिक द्वन्द में किसी प्रकार विद्यालयीन शिक्षा पूरी हुई और आगे पढ़ने के लिये लाहौर महाविद्यालय पहुँचे। जहाँ के वातावरण में वे समन्वय न बना सके । मदनलाल महाविद्यालय से निकाल दिये गये। वे पिता की पोजीशन में वाधा न बनना चाहते थे अतएव घर छोड़कर चले गये । जीवन यापन के लिये उन्होंने पहले क्लर्क की नोकरी की पर उन्हें वहाँ भी अपने स्वाभिमान पर आघात अनुभव हुआ और नोकरी छोड़कर मुम्बई आ गये जहां तांगा चलाने लगे । साथ ही एक कारखाने में भी नौकरी कर ली। जहां श्रमिकों के शोषण से उद्वेलित हुये और उन्होंने एक श्रमिक संगठन बना लिया। इस संगठन के माध्यम से वे प्रबंधकों द्वारा श्रमिकों के साथ सम्मान जनक व्यवहार करने का अभियान चलाने लगे। किन्तु बात न बनी । वे प्रबंधन की किरकिरे बने और निकाल दिये गये । कुछ दिन यूं ही बीते अंततः परिवार ने उनसे संपर्क साधा और समझा बुझाकर आगे पढ़ने के लिये लंदन भेज दिया। मदनलाल 1906 में पढ़ने के लिये इंग्लैण्ड गये जहाँ यूनिवर्सिटी कालेज लन्दन की अभियांत्रिकी शाखा में प्रवेश लिया। यह वो समय था जब लंदन में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों में राष्ट्र भाव अंगड़ाई ले रहा था। वे भारतीय विद्यार्थियों को हीन समझने की अंग्रेजी मानसिकता से उद्वेलित हो रहे थे। इन विद्यार्थियों में सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी विचारक विनायक दामोदर सावरकर एवं श्यामजी कृष्ण वर्मा बड़े लोकप्रिय थे और एक प्रकार से समन्वय थे। समय के साथ मदनलाल ढींगरा इनके सम्पर्क में आये और सावरकर द्वारा गठित संस्था अभिनव भारत से जुड़ गये। इसी क्रान्तिकारी संस्था में उन्होंने शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण लिया। लंदन का इण्डिया हाउस भारतीय विद्यार्थियों के क्रियाकलापों का केन्द्र हुआ करता था। मदनलाल ढींगरा इसी इंडिया हाउस में रहते थे। इन्ही दिनों खुदीराम बोस, कन्हाई लाल दत्त, सतिन्दर पाल और काशी राम जैसे क्रान्तिकारियों को मिले मृत्युदण्ड ने इन विद्यार्थियों को मानो विचलित कर दिया। इससे भारतीय युवाओं में रोष उत्पन्न हुआ। यह समाचार अंग्रेज अधिकारियों से छिपा न रहा। लंदन में पढ़ रहे भारतीय विद्यार्थियों की गतिविधियों को सीमित करने के कुछ आदेश भी निकले। इससे सावरकर और मदनलाल धींगरा जैसे क्राँतिकारी और उद्वेलित हुए। प्रतिशोध लेने के लिये अंग्रेज अधिकारी विलियम हट कर्जन वायली को मारने की योजना बनाई गई। इसके लिये इंडियन नेशनल एसोसिएशन के वार्षिक आयोजन का दिन निश्चित किया गया। वह 1 जुलाई 1909 की शाम थी। वार्षिकोत्सव में भाग लेने के लिये जैसे ही विलियम हट कर्जन वायली अपनी पत्नी के साथ सभागार में आया, मदनलाल ढींगरा ने उसपर पाँच गोलियाँ दाग दीं।

**मदनलाल धींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को पंजाब प्रांत के अमृतसर नगर में हुआ था। परिवार की पृष्ठभूमि सम्पन्न और उच्च शिक्षित थी। पिता दित्तामल जी सिविल सर्जन थे और आर्यसमाज से जुड़े थे।**

**क्रांतिकारी**

**फोटो की दुनिया**




फेसबुक वॉल से

**परेशानी से जो अनुभव और सीख मिलती है वो सीख दुनिया का कोई भी स्कूल नहीं दे सकता**

# बिंदेश्वर पाठक सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे

***कुछ*** लोग समाज में ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं, जिन्हें संसार कभी नहीं भूलता। उनकी यादों को विरासत की तरह संजोकर रखा जाता है। कुछ ऐसा ही कार्य करके गए हैं भारत में टॉयलेट मैन की पहचान रखने वाले बिंदेश्वर पाठक। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने जो करके दिखाया, उस पर लोग बातचीत करने से भी कतराते हैं। बावजूद इसके उन्होंने देशभर में सार्वजनिक शौचालय की स्थापना, उन्हें साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया। अपने संकल्प को सिद्धि में बदलने के लिए बिंदेश्वर पाठक ने जब शुरूआत की तो लोगों ने खिल्ली उड़ाई। जिनमें गैरों के साथ उनके अपने भी थे। एक मर्तबा उनके ससुर ने भी बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया। ससुर ने बिंदेश्वर पाठक से कहा, आपको शर्म नहीं आती, पंडित होकर भी टॉयलेट साफ करते फिरते हो। लेकिन बिंदेश्वर पाठक ठान बैठे थे कि उन्हें ऐसा कुछ करना है, जिससे सबकी सोच बदले। कमोबेश, कुछ ही वर्षों में हुआ भी वैसा ही। जो लोग हंसी उड़ाते थे, बाद में उनकी प्रशंसा करने लगे। बिंदेश्वर पाठक हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे। देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने सुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया। विशेषकर, बस अड्डे, बाजारों, मॉल्स, पुलिस थानों आदि जगहों पर उन्होंने टॉयलेट स्थापित कर लोगों को सुविधाएं प्रदान की। हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं। बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया। उनके जैसे इंसानों की आज बहुत कमी है। इसलिए उनके न रहने की खबर पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा। पंद्रह अगस्त को जब समूचा देश आजादी के पर्व में मग्न था, बिंदेश्वर पाठक अपने अंतिम सफर पर निकलने की शायद तैयारी कर रहे थे। तड़के दिल्ली स्थिति अपने कार्यालय पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस का जैसे ही ध्वजारोहण किया, उसके तुरंत बाद जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। ऐसा उनके साथ एकाध दफा पहले भी हुआ, तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गये और ठीक हो गये। लेकिन शायद 15 अगस्त 2023 का दिन ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुलाने के लिए तय किया हुआ था। इस बार वो ऐसे गिरे कि उठ ना पाये। पाठक समाज के सच्चे प्रहरी थे, वह हमेशा औरों के लिए जीते थे। काम करने की उनकी उर्जा दूसरों को प्रेरणा देती थी। कोई काम छोटा नहीं होता, बस करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए, इस युक्ति के साथ वो हमेशा आगे बढ़ते गये। बिंदेश्वर पाठक को उनके योगदान के लिए कई पुरस्कारों और सम्मान से नवाजा गया। केंद्र सरकार ने उनको पद्म भूषण पुरस्कार दिया। इसके अलावा एनर्जी ग्लोब अवार्ड, बेस्ट प्रैक्टिस के लिए दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड जैसे कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी उन्हें मिले। पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर 'द मेकिंग ऑफ ए लीजेंड' पुस्तक भी लिखी थी जिसकी प्रधानमंत्री ने खुद सराहना की थी। पाठक को पुरस्कार देते हुए पोप जॉन पॉल द्वितीय ने कहा था कि वे पर्यावरण के सच्चे प्रेमी हैं, उनसे हम सभी को सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से पहले से वो इस मिशन में लगे थे। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिंदेश्वर पाठक को अपने कार्यालय में बुलाकर मिशन की सफलता के संबंध में गहनता से जाना। उनसे सरकार ने सहयोग भी लिया। बिंदेश्वर पाठक ने सुलभ इंटरनेशनल के माध्यम से न सिर्फ भारत बल्कि समूची दुनिया में अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने आधुनिक तकनीकों और मानवीय सिद्धांतों के साथ कदम मिलाकर 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन का श्रीगणेश किया था। सुलभ शौचालय की शुरूआत कम संसाधन और सीमित आय से हुई। चंद पूंजी के साथ और अकेले दम पर इतने बड़े मिशन की उन्होंने नींव रखी। उनके इस मिशन का मकसद था साफ-सफाई, मानव अधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देना।

**हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं। बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया। उनके जैसे इंसानों की आज बहुत कमी है।**

**याद**

■ डॉ. रमेश ठाकुर

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### 10 करोड़ का ब्राउन शुगर जब्त, तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और भक्तिनगर थाना की पुलिस ने बुधवार को सिलीगुड़ी से 10 करोड़ रुपये की ब्राउन शुगर जब्त की है। वहीं, ब्राउन शुगर तस्करी के आरोप में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम रशीद शेख, दुर्गा सोरेन और प्रदीप मुंडा है। जिसमें रशीद शेख मालदा के कालियाचक और दुर्गा और प्रदीप खोड़ीबाड़ी का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सिलीगुड़ी में मादक पदार्थ की तस्करी होने की खबर एसओजी को मिली थी। जिसके बाद एसओजी ने भक्तिनगर थाना की मदद से ईस्टर्न बाईपास संलग्न इलाके में अभियान चलाकर एक पिकअप वैन को रोका। तलाशी लेने पर पिकअप वैन खाली मिली। बाद में पुलिस ने संदेह के आधार पर चालक और उसके दो साथियों से पूछताछ शुरू किया। पूछताछ के बाद चालक के सीट के नीचे से ब्राउन शुगर के तीन पैकेट बरामद हुआ। जिसका वजन चार किलो 812 ग्राम है। वहीं, बरामद ब्राउन शुगर का अनुमानित बाजार मूल्य 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कल तीनों आरोपियों को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा।

### जम्मू कश्मीर चुनाव आयोग के फैसले पर हाईकोर्ट ने लगाया स्टे

**उधमपुर।** जम्मू कश्मीर चुनाव आयोग द्वारा 3 अगस्त 2023 को उधमपुर नगर परिषद के जिन सात पार्षदों की दल-बदल कानून के अंतर्गत सदस्यता रद्द कर दी थी उस मामले में पार्षदों द्वारा हाईकोर्ट का दरबाजा खटखटाया गया तथा हाईकोर्ट द्वारा 14 अगस्त 2023 को कुछ शर्तों के साथ इस पर स्टे लगा दिया है तथा उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 31 अगस्त 2023 को होगी। इस स्टे के उपरांत अब पार्षद पहले जैसे अपने-अपने वार्ड में कार्य करवा सकेंगे। इन सभी सात पार्षदों पर आरोप लगाया गया था कि इन पार्षदों ने जिस दल से चुनाव जीता था उन्होंने उस दल को छोड़कर अन्य दल सदस्यता ग्रहण कर ली है। इससे उन्होंने लोगों को धोखा दिया है तथा उनके मताधिकार का दुरूपयोग किया है। जिस पर चुनाव आयोग ने फैसला सुनाया था।

कैबिनेटः पीएम विश्वकर्मा योजना को मंजूरी

# परंपरागत शिल्पकारों, कारिगरों को होगा लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में इस योजना का उल्लेख किया था। योजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपये भी मंजूर किए गए हैं। इसमें पहली बार 18 परंपरागत व्यवसायों से जुड़े परिवारों को कवर किया जाएगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि योजना के तहत 18 परंपरागत व्यवसायों में प्रमुख रूप से नौका निमार्ता, लोहार, टूलकिट निमार्ता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, बुनकर, परंपरागत खिलौना निमार्ता, नाई, धोबी, दर्जी और जाल निमार्ता शामिल हैं। योजना के तहत लाभार्तियों की पहचान की जाएगी। पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी सामान्य सेवा केंद्रों के



माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर मुहैया कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इन कार्यों से जुड़े लोगों के कौशल विकास, बाजार पहुंच और आर्थिक सहयोग पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्हें बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग दी जाएगी। डिजिटल लेनदेन में प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि आधुनिक आपाधापी में पीछे छूट गए गुरु-शिष्य परंपरा के तहत चले आ रहे इन व्यवसायों को सरकार मदद प्रदान करेगी। इसके तहत 30 लाख परिवारों के किसी एक व्यक्ति को योजना से जोड़ा जाएगा। योजना के तहत पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में दो लाख का ऋण दिया जाएगा। ऋण की ब्याजदर 5 प्रतिशत होगी। इसके अलावा कौशल विकास सामग्री खरीद में भी मदद दी जाएगी।

**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरीः** केंद्र सरकार ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को आज मंजूरी प्रदान की, जिसके तहत 14,903 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी प्रदान की गई।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार योजना के तहत सवा छह लाख आईटी प्रोफेशनल का कौशल विकास किया जाएगा। 2.65 लाख लोगों को इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी एंड एजुकेशन अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। 540 अतिरिक्त सेवाओं को उमंग एप से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटर मिशन में 9 और सुपर कंप्यूटर जोड़े जाएंगे। एआई (कृत्तिम बुद्धिमत्ता) आधारित बहुभाषीय ट्रांसलेशन टूल भाषिणी को आठवीं अनुसूची के तहत आने वाली सभी 22 भाषाओं में विस्तार दिया जाएगा। वर्तमान में यह 10 भाषाओं में है। नेशनल नॉलेज नेटवर्क के आधुनिकीकरण के लिए काम किया जाएगा, जिससे 1787 शिक्षण संस्थान जुड़े हुए हैं। दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम से सत्यापित करने से जुड़ी डीजी-लॉकर की सुविधा का लाभ अब एमएसएमई संगठनों तक पहुंचाया जाएगा। द्वितीय और तृतीय स्तर के शहरों में 1200 स्टार्टअप को मदद पहुंचाई जाएगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता में स्वास्थ्य, कृषि और सतत शहरों के लिए तीन उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाएंगे। साइबर जागरूकता कोर्स 12 करोड़ छात्रों के लिए तैयार किया जाएगा।

**रेलवे की सात परियोजनाओं को मंजूरीः** केंद्र सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे को विस्तार देने के क्रम में 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली सात परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 2,339 किलोमीटर का विस्तार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय से जुड़ी 7 परियोजनाओं को आज मंजूरी प्रदान की। इनमें गोरखपुर-कैंट-वाल्मीकि नगर, मुदखेड-मेडचल और महबूबनगर-धोन, गुंटूर-बीबीनगर, चोपन-चुनार रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। सोन नगर-अंडाल मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट की मल्टीट्रैकिंग की जाएगी। नेरगुंडी-बारंग और खुर्दा रूड-विजयनगरम में तीसरी लाइन बनाई जाएगी। सामाखियाली-गांधीधाम लाइन का चौहरीकरण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे से जुड़ी इन परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह परियोजनाएं पीएम गति शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी राष्ट्रीय मास्टर प्लान का नतीजा है।

कैग रिपोर्टः कांग्रेस ने केंद्र पर लगाया आरोप

# पीएम मोदी से चुप्पी तोड़ने की मांग की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा उजागर की गई कई सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र पर आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने की मांग की। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "यह घोटालों का बड़ा मुद्दा है। सरकारी खातों की ऑडिटिंग करने वाली सीएजी (कैग) ने सात घोटाले उजागर किए हैं। अब हमें लगता है कि प्रधानमंत्री और सरकार को सीएजी पर छापेमारी करानी चाहिए कि वे कैसे सरकार से सवाल पूछ रहे हैं।"उन्होंने पीएम पर तंज कसते हुए कहा कि वह कुछ भी गलत नहीं करते हैं और उन्होंने ईमानदारी की छवि बनाई है, लेकिन सीएजी रिपोर्ट इस पर सवाल उठाती है और कहती है कि यह एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय साजिश होनी चाहिए। भारतमाला परियोजना और द्वारका एक्सप्रेसवे में कथित



अनियमितताओं का हवाला देते हुए पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि दोनों परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, अयोध्या परियोजना कार्यों और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजनाओं में सीएजी द्वारा चिह्नित अनियमितताओं पर भी प्रकाश डाला। श्रीनेत ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटाले आपकी नाक के नीचे हो रहे हैं। क्या आप अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? क्या आप कार्रवाई करेंगे? क्या सरकार उक्त मंत्रालयों के मंत्रियों पर कार्रवाई करेगी। अन्य योजनाओं की राशि प्रचार-प्रसार में क्यों खर्च की गयी? सीएजी ने केंद्र की कई योजनाओं में अनियमितताओं को उजागर किया है।

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें विद्यार्थीः सीएम शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में हमीदिया महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद किए जाएंगे। यहां के पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे। भोपाल कलेक्टर उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन




है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं। उन्होंने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं। इनमें भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नजमा हेपतुल्ला, केएन प्रधान, ओएन श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकलीं।आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तो, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तो...। मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर एक अन्य गीत सुनाया - नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा...। मुख्यमंत्री चौहान ने रमेश शर्मा गुड्डू भैया को भी याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा जीवन देश और समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए। विवेकानंद जी की ये पंक्तियां विद्यार्थियों को याद रखना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अमृत वचनों को दोहराते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मनुष्य के लिए कोई कार्य असंभव नहीं। वह सब कार्य कर सकता है जो ठान लेता है। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के साथियों का बार-बार स्मरण किया। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष रहे प्रेम ढींगरा, महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के वर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र रावत, महेन्द्र सिंह बुंदेला, छोटा बाबू राय, सुरजीत चौहान और अनेक साथियों का उल्लेख शामिल है। इनमें से अनेक विद्यार्थी आज के महोत्सव में उपस्थित थे।

# एससीईआरटी घोटाले के छह आरोपियों को मिली जमानत

**एजेंसी। गुवाहाटी**

शेवाली देवी शर्मा और उनके दामाद के नेतृत्व में राज्य में हुए बहुचर्चित 105 करोड़ रुपये के एससीईआरटी घोटाले में शामिल छह आरोपितों को बुधवार को विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने जमानत दे दी। कोर्ट ने बहुचर्चित 105 करोड़ रुपये के एससीईआरटी घोटाले में आरोपितों की जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के बाद भास्कर ज्योति हजारिका, केशव गोगोई, सोनामणि नाथ, जय चंद्र लहकर, डेभिड अधिकारी और सारंग मोर को जमानत दे दी है। कोर्ट ने इन सभी को 50 हजार रुपये जमा करने और दो व्यक्तियों के जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। कोर्ट ने जमानत के लिए आवेदन करने वाले दो अन्य आरोपित अजय पाल सिंह और राजेश कुमार जोशी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।




### वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स से रिलीज हुआ लोकगीत 'मछरिया छान लिहनी'




**भो**जपुरी एक्ट्रेसस माही श्रीवास्तव और सिंगर खुशी कक्कड़ का नया भोजपुरी लोकगीत 'मछरिया छान लिहनी' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से जारी किया है। इसे दर्शकों ने हाथोंहाथ उठा लिया है। गाना बहुत ही मजेदार है जो भोजपुरिया दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।इस गाने में खुशी कक्कड़ की आवाज पर माही ने अपनी कातिलाना अदाओं से दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया है। वही गाने में माही के एक्सप्रेशन एकदम लाजवाब हैं जो गाने में चार चांद लगा रहे हैं। इसमें भरपूर बैके ग्राउंड डांसरों का उपयोग किया गया है। गाने में माही नदी से एक मछली पकड़ कर लाती हैं और अपनी सहेलियों को बताती हैं कि जात रहनी पानी भरे नदी के तिरती रे....।

### जैकलीन फर्नांडीज बिना अनुमति नहीं जा सकेंगी विदेश



**ठग** सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की मनी लांड्रिंग के मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडिस की जमानत की शर्तों में संशोधन कर दिया है। जैकलीन को विदेश जाने के लिए कोर्ट की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होगी। कोर्ट ने 15 नवंबर, 2022 को जैकलीन फर्नांडीज को जमानत दी थी। जमानत देते समय कोर्ट ने शर्त रखी थी कि जैकलीन बिना कोर्ट की अनुमति के देश के बाहर नहीं जा सकती है। इसके बाद जैकलीन ने जमानत की इसी शर्त में बदलाव की मांग की थी।

### आलिया भट्ट का खुलासा, रणबीर नहीं लगाने देते लिपस्टिक

**एक्टर** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में रणबीर राम और आलिया सीता का किरदार निभाएंगी। इसी बीच आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में आलिया के रणबीर को लेकर दिए गए बयान के बाद नेटिजेंस ने रणबीर को ट्रोल करना शुरू कर दिया है।आलिया भट्ट और अभिनेता रणबीर कपूर पिछले साल 14 अप्रैल, 2022 को शादी के बंधन में बंधे। वीडियो में आलिया कहती हैं कि रणबीर को उनका लिपस्टिक लगाना पसंद नहीं है। यही वजह है कि आलिया न्यूड शेड्स लिपस्टिक लगती हैं। वीडियो में आलिया पहले अजीब तरीके से लिपस्टिक लगाती हैं और फिर हटा देती हैं। आलिया ने कहा



कि रणबीर को उनके नेचुरल होंठ पसंद हैं। यहां तक कि जब रणबीर उनके बॉयफ्रेंड थे, तो भी वह लिपस्टिक हटाने के लिए कहते थे।आलिया के इस खुलासे के बाद नेटिजन्स ने रणबीर को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। एक ने कमेंट किया, वह हमेशा उस पर नियंत्रण क्यों रखते है? उसे उसकी पसंदीदा लिपस्टिक लगाने दीजिए।

राजनीति | दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर तैयारी करेगी कांग्रेस

# गठबंधन पर फैसला करेगा आलाकमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की जिसमें राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात सीटों पर तैयारी करने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का फैसला किया गया।

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन का फैसला पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया, हालांकि पार्टी की राज्य इकाई के ज्यादातर नेताओं की राय गठबंधन के खिलाफ है। सूत्रों ने यह भी बताया कि खरगे और राहुल ने एकजुट होकर आगे



बढ़ने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल हैं। कांग्रेस ने दिल्ली में सेवाओं से संबंधित विधेयक के मुद्दे पर पिछले दिनों संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों में आम आदमी पार्टी का समर्थन किया था, जबकि संदीप दीक्षित और अजय माकन जैसे कई नेताओं की राय इस मुद्दे पर अलग थी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ कांग्रेस अलाकमान की बैठक में संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पार्टी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, वरिष्ठ नेता अजय माकन, जयप्रकाश अग्रवाल और कई अन्य नेता मौजूद थे।

बैठक के बाद खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, आज दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ मंत्रणा हुई। दिल्ली प्रदेश का नवसंचार हमारी प्राथमिकता है, जिसमें सभी नेताओं और कार्यकताओं की सहभागिता जरूरी है। हमने दिल्ली को समृद्ध और खुशहाल बनाया था, आगे भी दिल्ली के लोगों के लिए हमारा संघर्ष जारी है।बाबरिया ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई, लेकिन इस बारे में कांग्रेस नेतृत्व जो भी फैसला करेगा वह सबको स्वीकार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता दिल्ली में मोदी सरकार और केजरीवाल सरकार दोनों की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते रहेंगे। बैठक में शामिल रहे एक नेता ने कहा, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं की राय यही है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का जनाधार छीना है और ऐसे में पार्टी को उस जनाधार को फिर से हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। हमारी तैयारी सभी सात लोकसभा सीटों पर होगी। गठबंधन को लेकर कांग्रेस नेतृत्व जो भी फैसला करेगा, वो सभी लोग मानेंगे।

# पाक तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वहाब रियाज ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने 154 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 237 विकेट लिए, जिसमें तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। हालांकि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। वहाब, जिन्होंने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, को 2015 में ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन के खिलाफ विश्व कप इतिहास के सबसे आक्रामक स्पैल के लिए याद किया जाता है। बाएं हाथ के गेंदबाज वहाब ने वॉटसन को तेज, शॉर्ट-पिच गेंदों से परेशान किया, हालाँकि, वॉटसन ने क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहाब ने उस मैच में 54 रन देकर 2 विकेट लिए। वहाब ने मैच में नौ ओवर फेंके; उनके छह ओवर के पहले स्पैल में डेविड वार्नर और क्लार्क के विकेट निकले। वहाब ने टूर्नामेंट में 23 की औसत से 16 विकेट लिए। वहाब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं पिछले दो वर्षों से अपने संन्यास की योजनाओं के बारे में बात कर रहा हूं, कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का मेरा लक्ष्य है, और मैं अब पहले से कहीं अधिक सहज महसूस करता हूं कि मैंने अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सर्वोत्तम सेवा की है। उन्होंने आगे कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। जैसे ही मैं इस अध्याय को अलविदा कहता हूं, मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एक नए साहसिक कार्य को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं, जहां मुझे दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए दर्शकों का मनोरंजन करने और प्रेरित करने की उम्मीद है।

बता दें कि वहाब के नाम 237 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं, उनके अब तक के करियर में 1,104 पेशेवर विकेट हैं, वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और टी20 प्रारूप में 400 विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी हैं।

# बेन स्टोक्स ने वनडे से संन्यास वापस लिया




एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड को बुधवार को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले एक बड़ी राहत मिली है क्योंकि उनके टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने वनडे फॉर्मेट से संन्यास वापस लेने का फैसला किया है। इस साल भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों में सभी टीमें लगी हुई हैं। इस बीच इंग्लिश फैंस को एक बड़ी राहत मिली है क्योंकि इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर और 2019 वर्ल्ड कप के हीरो बेन स्टोक्स ने वनडे से संन्यास वापस लेने का फैसला किया है। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा कि इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जो वर्ल्ड कप के लिए कोर टीम (अस्थायी) भी होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज का पहला मैच, लॉर्ड्स में होगा जो 2019 के फाइनल का रीमैच होने वाला है। ल्यूक राइट ने कहा, ₹यह वास्तव में उनके मन को बदलने का मामला नहीं था। वह हमेशा वापस आने में रुचि रखता था। उसे एशेज के बाद, ब्रेक लेने और शरीर को आराम देने की प्राथमिकता बनानी थी। उनकी वापसी के लिए उन पर कोई प्रेशर नहीं था। उन्हें थोड़ा ब्रेक मिला और वो फिट हैं इसलिए वो वापसी कर रहे हैं।₹ पिछले महीने, स्टोक्स ने कहा था कि एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास वापस लेने और विश्व कप में खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है और वह एशेज सीरीज के बाद अपनी घुटने की पुरानी समस्या से निपटने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेंगे। घुटने की समस्या को देखते हुए, गेंद के साथ स्टोक्स की भूमिका सीमित होगी और वह एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। इंग्लैंड के चयनकर्ता ने कहा, ₹यह आसान नहीं है, है ना? वह विश्व कप में आ रहा है और हम उसे एक बल्लेबाज के रूप में चुनने जा रहे हैं। हम हमेशा इसका आकलन करते रहते हैं, लेकिन हम उस पर तब तक गेंदबाजी करने के लिए दबाव नहीं डालेंगे जब तक कि वह पूरी तरह फिट ना हो जाए। इस बीच, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और स्टार तेज जोफ्रा आर्चर शामिल नहीं हैं। इसका मतलब है कि ब्रुक पहली बार विश्व कप में भाग लेने से चूक सकते हैं। वहीं 2019 में इंग्लैंड के हीरो रहे आर्चर काफी समय से इंजरी के कारण क्रिकेट से दूर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर विश्व कप दल में चयन की दौड़ से बाहर हो गए हैं। वह समय से अपनी फि टनेस साबित नहीं कर पाए, हालांकि वह रिजर्व के तौर पर भारत का दौरा करेंगे, जहां पर विश्व कप होना है। चार साल पहले हुए पिछले विश्व कप में आर्चर इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। वह पिछले कुछ समय से कोहनी की चोट की वजह से परेशान हैं और उन्होंने इस साल के आईपीएल के कुछ मैचों के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इंग्लैंड के लिए वह आखिरी बार मार्च में खेले थे। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, ₹हम उन्हें टीम में लेने के लिए आतुर थे लेकिन वह समय से अपनी फि टनेस साबित नहीं कर पाए। वह बहुत दुर्भाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसी चोट लगीं। लेकिन अब हमारे पास समय नहीं है कि हम उनके फि टनेस का इंतजार करें। हालांकि जो हम कर सकते हैं, वह हमने किया है और वह रिजर्व में हैं। हालांकि इंग्लैंड ने अभी तक विश्व कप के संभावित 15 का नाम नहीं दिया है, जिसे 5 सितंबर तक चुना जाना है। माना जा रहा है।

# स्पेन ने स्वीडन को 2-1 से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला फीफा वर्ल्ड कप 2023 का रोमांच चरम पर है। सेमीफाइनल में स्पेन ने स्वीडन के तूफान को रोकते हुए फाइनल में एंट्री मार ली है। इडेन पार्क स्टेडियम में स्पेन ने स्वीडन को 2-1 से हराया। ओल्गा कामोर्ना के 89वें मिनट में किए गए गोल से स्पेन ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस तरह उसने महिला विश्व कप फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। जब स्पेन के लिए पहला गोल सलाम पारा लियोलो ने 81वें मिनट में दागा तो उसके साथी खिलाड़ी खूश से पागल हो गए। यही नहीं, उसकी साथी एटाना बोनमाटी दौड़ते हुए आई और सलमा ने जिस पैर से गोल दागा था उसे चूमने लगी। मैच का यह मोमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके जवाब में स्वीडन के लिए रिबेका ने 88वें मिनट में गोल दागा, लेकिन ओल्गा ने एक और गोल लगाते हुए स्पेन को जीत दिला दी। स्पेन सिडनी में होने वाले फाइनल में टूर्नामेंट के सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से रविवार को भिड़ेगा। फीफा रैंकिंग्स में 7वें नंबर की स्पेनिश टीम के पास अब पहली बार विश्व चैंपियन बनने का मौका होगा। दूसरे नंबर की टीम स्वीडन के बाहर हो जाने से अब स्पेन टूर्नामेंट में सर्वाधिक रैंकिंग्स वाली टीम बन गई है। स्वीडन का यह विश्व कप में 5वां सेमीफाइनल मैच था। इनमें से 4 में उसे हार का सामना करना पड़ा।

लक्ष्य है प्रखंड के विकास पर। समस्त झारखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिन्द
श्री उत्तम प्रसाद
(प्रखंड विकास पदाधिकारी)
अनगड़ा, रांची।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
जितेंद्र गिरी
पूर्व पंचायत समिति सदस्य, दुलमहा, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सिकंदर राणा
मुखिया, ग्राम पंचायत बंदगी, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सहदेव प्रसाद
पंचायत समिति सदस्य, पंचायत मलकोको, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ अनिल कुमार
तथागत फाउंडेशन व निरोग्यम नेचुरोपैथिक हेल्थ केयर रिसॉर्ट, रांचीःपटना रोड, झील के निकट, उरवां, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ कुणाल
डेंटिस्ट, झारखंड नर्सिंग होम, अफीम कोठी, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संदीप कुमार
निदेशक :- दी साइंस एकेडमी व बरही पब्लिक स्कूल, देवचंदा मोड़, बरही, हजारीबाग।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रजनीश कुमार पांडेय
प्रधानाचार्य, भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर, गया रोड, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
केदार यादव
प्रखंड सचिव, डीलर संघ, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मंजीत कुमार यादव
अध्यक्ष, बिनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रस्ट, बरही।
(जनसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शैलेश कुमार
निदेशक :- +2 आईलेक्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई मान्यता प्राप्त, जी टी रोड पंचमाधव, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनोज कुमार रजक
प्रखंड प्रमुख, बरही

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संस्कार युक्त शिक्षा ही परिवार एवं देश को महान बनाता है।
सुनीता रुखरियार
सेवानिवृत शिक्षिका, न्यू कॉलोनी, बरही।

ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND
Grooming Professionals. With Values
इक्फाई विश्वविद्यालय परिवार की ओर से समस्त झारखंडवासियों को '77 वें स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
Mr. Amar Gupta
ICFAI University, Jharkhand, Ranchi

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मुनेजा खातून
पूर्व जिला परिषद् सदस्य, बरही।
मो कयूम अंसारी
अध्यक्ष, अल्प संख्यक कल्याण महासमिति, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उद्देश्य : भय, भूखा और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना
बद्री यादव
वरिष्ठ समाजसेवी हरीला, भावी विधायक प्रत्याशी, बरही।

77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर रेलकर्मी समेत समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं।
रंजीत विश्वकर्मा
वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, मुरी 2

77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सिल्ली समेत समस्त भारतवासियों को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं।
BUDDHA PUBLIC SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BASED ON-CBSE BOARD PATERN.
बुद्धा पब्लिक स्कूल, सिल्ली
निदेशक :- रणधीर कौशिक और प्राचार्य वी सुधीर कुमार

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डोमन पांडेय
प्रखंड अध्यक्ष, डीलर संघ, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मंजू देवी
(जिप सदस्या,बरही मध्य) बरही।
गणेश यादव
सांसद प्रतिनिधि, बरही।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बरही सहित जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
इंटर महाविद्यालय बरही
(जैक द्वारा मान्यता प्राप्त) कला, वाणिज्य एवं विज्ञान
अरुण कुमार दुबे
प्राचार्य
मुरारी गोप
सचिव

YBN UNIVERSITY
वाईबीएन विश्वविद्यालय परिवार की ओर से समस्त देशवासियों एवं झारखंडवासियों को '15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
Mr. RamjeeYadav
Pro-Chancellor Cum Chairman
YBN University, Ranchi-10

एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के शेयरों की धमाकेदार एंट्री

# पहले ही दिन निवेशक हुए मालामाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के शेयरों की बुधवार स्टॉक मार्केट में धमाकेदार एंट्री हुई। यह शेयर अपने इश्यू प्राइस से करीब 44 प्रतिशत की बढ़त के साथ लिस्ट हुआ। बीएसई पर यह अपने इश्यू प्राइस 57 रुपये से 43.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.99 रुपये पर लिस्ट हुआ। बाद में कारोबार के दौरान यह 60% से अधिक बढ़त के साथ 94.65 रुपये तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 43.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82 रुपये पर लिस्ट हुआ। सुबह के कारोबार में कंपनी का मार्केट कैप 9,560.87 करोड़ रुपये था। दोपहर बाद 1.30 बजे कंपनी का शेयर 62.47 परसेंट की तेजी के साथ 92.61 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। एसबीएफसी फाइनेंस के आईपीओ को 75.80 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। कंपनी के 1,025 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 54-57 रुपये प्रति शेयर था। लिस्टिंग से पहले ग्रे मार्केट से इसके मजबूत डेब्यू के संकेत मिल रहे थे। एसबीएफसी फाइनेंस का इश्यू पहले दिन ही पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। पहले दिन इसे 1.91 गुना बोलियां मिलीं थी जबकि दूसरे दिन यह 7.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। संस्थागत निवेशकों ने आईपीओ के प्रति जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के 1,025 करोड़ रुपये के आईपीओ में 10,53,25,317 शेयरों की पेशकश पर 7,98,38,68,100 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। पात्र संस्थागत खरीदार (दक्ष) खंड को 192.89 गुना, गैर-संस्थागत निवेशक श्रेणी को 49.09 गुना बोलियां मिलीं। खुदरा निवेशक श्रेणी में भी यह 10.99 गुना सब्सक्राइब हुआ। इस आईपीओ के तहत 600 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए। इसके अलावा 425 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश लाई गई।

क्रिप्टोकरेंसी में निवेश को लेकर महिलाओं में जबरदस्त क्रेज

## 10 में से एक महिला क्रिप्टो में निवेशित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हर 10 में से एक भारतीय महिला ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रखा है। एक रिपोर्ट के जरिए ये बातें सामने आई है। एक तरफ निवेश और बचत को लेकर महिलाओं में जागरूकता का अभाव बताया जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश में ऐसी भी महिलाएं हैं जो क्रिप्टोकरेंसी जैसे वर्चुअल करेंसी में भी जमकर निवेश करने लगी हैं। विदेशी एक्सचेंज एजुकेशन प्लेटफॉर्म फॉरेक्स सजेस्ट की तरफ से जारी किए गए डेटा के मुताबिक देश में 68 l5 करोड़ महिलाओं की आबादी है। जिसमें से 6 l30 करोड़ यानि 63 मिलियन महिलाओं के पास क्रिप्टोकरेंसी मौजूद है। यानि 9 l2 फीसदी महिलाओं ने क्रिप्टोकरेंसी खरीद रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा वियतनाम की महिलाओं ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रखा है। वियतनाम की 1.20 महिलाएं क्रिप्टोकरेंसी में निवेशित हैं जो कि महिलाओं की कुल आबादी का 24 फीसदी है। फिलीपींस 9 l6 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर है। फिलीपींस की कुल महिला आबादी में से 5.5 मिलियन महिलाओं ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रखा है। जिसके बाद भारत का स्थान आता है। भारत की महिला आबादी में 9.2 फीसदी महिलाओं ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया हुआ है। क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वाली महिलाओं की इतनी बड़ी तादाद तब है जब क्रिप्टो पर टैक्स लगाने के बाद से लगातार क्रिप्टो ट्रेड वॉल्यूम घटा है। वित्त वर्ष 2022-23 में पहली बार क्रिप्टोकरेंसी को टैक्स के दायरे में लगा दिया गया। क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर 30 फीसदी का टैक्स लगा दिया गया।

## क्या खत्म हो जाएगी मारुति की बादशाहत? हुंडई के हाथ लगा जैकपॉट




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया देश की सबसे बड़ी कार कंपनी है। लेकिन जल्दी ही इसे कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसकी वजह यह है कि दक्षिण कोरिया की कंपनी हुंडई के हाथ जैकपॉट लगा है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि उसकी इंडियन यूनिट अमेरिकी कंपनी जनरल मोटर्स के प्लांट को खरीदने जा रही है। यह प्लांट महाराष्ट्र के तालेगांव में है। हुंडई का प्लांट चेन्नई के करीब श्रीपेरंबुदूर में है। कंपनी की योजना अब सालाना दस लाख कारों का प्रॉडक्शन करने की है। पिछले साल कंपनी ने भारत में 552,511 कारें बेची थी। मारुति के बाद हुंडई भारत की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी है। हुंडई ने इस डील की वैल्यू का खुलासा नहीं किया। इस डील से जनरल मोटर्स की भारत से विदाई हो जाएगी। कंपनी ने 2017 में ही भारत में कारों की बिक्री बंद कर दी थी। लेकिन प्लांट नहीं बिक पाने के कारण कंपनी की भारत से पूरी तरह विदाई नहीं हो पाई। साल 2019 में कंपनी ने अपना प्लांट चीन की कंपनी ग्रेट वॉल मोटर को बेचने पर सहमति जताई थी लेकिन पिछले साल दोनों के बीच बातचीत खटाई में पड़ गई। इसकी वजह यह थी कि भारत सरकार ने चीन की कंपनी को इसकी अनुमति नहीं दी थी। हुंडई की इस डील के बावजूद देश में मारुति की बादशाहत बनी रहेगी। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति के मानेसर और गुरुग्राम में प्लांट्स हैं। इनकी सालाना कैपेसिटी 15 लाख यूनिट की है। साथ ही गुजरात में उसकी पेरेंट कंपनी सुजुकी मोटर्स की 7.5 लाख यूनिट क्षमता का प्लांट है। इस तरह मारुति की सालाना क्षमता 22.5 लाख यूनिट की है।

## रेलवे के पास नहीं हैं पेंशन देने के पैसे! फाइनेंस मिनिस्ट्री से मांगी मदद



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी और लागत में बढ़ोतरी की दोहरी मार से रेलवे का नेट रेवेन्यू बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में रेलवे के लिए पेंशन देना मुश्किल हो रहा है और उसने एक बार फिर फाइनेंस मिनिस्ट्री से मदद की गुहार लगाई है। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक संसद में पिछले हफ्ते पेश एक एक्शन टेकन रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रेलवे पर संसद की स्टैंडिंग कमेटी ऑन रेलवे से रिपोर्ट मांगी थी कि उसकी सिफारिशों पर रेलवे ने क्या कदम उठाए हैं। इसमें रेलवे ने कहा है कि 2022-23 में वह अपने दम पर पेंशन का भुगतान करने में सफल रहा लेकिन उसने स्टैंडिंग कमेटी के जोर देने पर फाइनेंस मिनिस्ट्री से थोड़ी बहुत मदद मांगी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनेंस मिनिस्ट्री ने पहले रेलवे के अनुरोध को ठुकरा दिया था। लेकिन पैनल ने कहा था कि रेलवे को जोरशोर से यह मुद्दा फाइनेंस मिनिस्ट्री के सामने उठाना चाहिए। इसके जवाब में रेलवे ने कहा कि समिति ने पहले भी कई बार इस तरह की सिफारिश की थी लेकिन फाइनेंस मिनिस्ट्री ने इसे नहीं माना था। लेकिन कमेटी ने फिर ऐसी सिफारिश की है और इसे फाइनेंस मिनिस्ट्री से इस पर विचार करने का अनुरोध किया गया है। पैनल के मुताबिक 2023-24 में रेलवे को पेंशन के तौर पर 62,000 करोड़ रुपये देने पड़ सकते हैं। रेलवे ने इसके लिए 70,000 करोड़ रुपये रखे हैं। हाल के वर्षों में रेलवे की पेंशन देनदारी में काफी बढ़ोतरी हुई है और हर साल यह खर्च बढ़ता जा रहा है।

## चीन में क्रूड ऑयल का मार्केट फिर रहा बुरी तरह से प्रभावित

**नई दिल्ली।** चीन के इकॉनोमिक डेटा आ गए हैं। यह अनुमान से भी ज्यादा कमजोर रहा है। इससे क्रूड ऑयल मार्केट का सेंटीमेंट बुरी तरह से प्रभावित हुआ। इस सप्ताह यूएस इकॉनोमी की तरफ से अच्छी खबर मिलने के बाद जो क्रूड ऑयल की कीमत में जो थोड़ा सुधार हुआ था, वह मंगलवार को फिर कम हो गया। एनालिस्टों और फोरकास्टिंग एजेंसीज का कहना है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उसके सहयोगियों और सऊदी अरब द्वारा सप्लाई पर अंकुश लगाने से आने वाले समय में क्रूड का रेट चढ़ सकता है। जहां तक भारतीय पेट्रोल-डीजल बाजार की बात है तो यहां आज भी दाम में कोई फेरबदल नहीं हुआ। बुधवार को 497वां दिन है जबकि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज यानी बुधवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया।

होम लोन पर मिलेगी बंपर सब्सिडी, सरकार ला रही स्कीम

# इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम की होगी घोषणा




**एजेंसी। नई दिल्ल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का घर का सपना पूरा करने के लिए मंगलवार को एक अहम घोषणा की। 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौके लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार होम लोन पर ब्याज में राहत देने के लिए एक योजना लेकर आ रही है। जल्दी ही इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम की घोषणा की जा सकती है। इससे शहरों में झुग्गी-झोपड़ी और किराए पर रहने वाले लोगों का अपने घर का सपना पूरा हो सकेगा। इससे उन लोगों को फायदा होगा जो पीएम आवास योजना (ढटअ ) का लाभ नहीं उठा सके हैं। हाल में होम लोन काफी बढ़ गया है। इसकी वजह यह है कि आरबीआई ने पिछले साल मई से रेपो रेट में 2.5 परसेंट की बढ़ोतरी की है। मोदी ने कहा, 'शहर के अंदर जो कमजोर लोग रहते हैं। मध्यम वर्ग के परिवार जो अपने घर का सपना देख रहे हैं, हम आने वाले कुछ सालों में उनके लिए योजना लेकर आ रहे हैं। जो शहरों में रहते हैं, किराए के मकान, झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं, चॉल में रहते हैं, ऐसे लोगों को जो लोन मिलेगा, उसके ब्याज में लाखों की राहत देने का फैसला किया है।' देश में अब भी एक बड़ी आबादी झुग्गियों में रहती है। आरबीआई ने पिछले साल मई से रेपो रेट में 2.5 परसेंट की बढ़ोतरी की है। इससे होम लोन समेत सभी तरह के लोन महंगे हो गए हैं। हालांकि तीन बार से आरबीआई ने रेपो रेट को यथावत रखा है।

शहरी इलाकों के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र झुग्गी के रिडेवलपमेंट के एक लाख रुपये और पार्टनरशिप में सस्ता मकान बनाने के लिए 1.5 लाख रुपये मिलते हैं। साथ ही इसमें लाभार्थी के नेतृत्व वाली निर्माण योजना यानी बीएलसी वर्टिकल्स भी है। इसके साथ ही क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम वर्टिकल भी थी। इसमें लोगों को घर खरीदने पर 2.7 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती थी। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इसका फायदा मिलता था लेकिन यह स्कीम मार्च 2022 में खत्म हो गई। सरकारी सूत्रों का कहना है कि नई स्कीम सीएलएसएस कैटगरी में शुरू की जा सकती है। इसमें देश में बेहतर क्वालिटी के मकानों के साथ-साथ सस्ते मकानों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे कंस्ट्रक्शन सेक्टर में भी तेजी आएगी। इस सेक्टर में तेजी आने से देश में रोजगार बढ़ेगा।

## विदेश

# सेना ने जंगल की आग से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



**एजेंसी। ओटावा**

कनाडाई सेना ने देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में जंगल की भीषण आग के बीच सैकड़ों लोगों को हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा वर्तमान में अपने सबसे खराब दावानल के दौर का दंश झेल रहा है। मंगलवार तक देश भर में लगभग 1,100 स्थानों पर जंगलों में आग धधक रही है। अब तक कुल 1.32 करोड़ हेक्टेयर भूमि जल चुकी है। यह लगभग ग्रीस के आकार के बराबर है। भीषण दावानल के परिणामस्वरूप, कनाडाई सरकार ने आग से लड़ने और निकासी के समन्वय में मदद करने के लिए उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में सेना तैनात की है। सोमवार की रात, क्षेत्रीय राजधानी येलोनाइफ ने जंगल की आग के आसन्न खतरे के कारण स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी। यह घोषणा शहर को खतरे से पहले ही कदम उठाने और निवासियों को नोटिस मिलने पर तुरंत दूसरी जगह जाने के लिए तैयार रहने के उद्देश ?य से की गई है। उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में इस जुलाई में रिकॉर्ड तापमान देखा गया, जो फोर्ट गुड होप में 37.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। ब्रिटिश कोलंबिया में भी दावानल धधक रहे हैं जहां इस सप्ताह रिकॉर्ड-उच्च तापमान के कारण कई मौसम विभाग ने कई चेतावनी जारी की है।

## रूस एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ मजबूत करेगा रक्षा संबंध

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा है कि मॉस्को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना जारी रखेगा। शोइगु ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर 11वें मास्को सम्मेलन में ₹एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में पश्चिमी राज्यों की सैन्य उपस्थिति में वृद्धि के साथ-साथ अमेरिका द्वारा अपने सैन्य अड्डों में सुधार जारी रखने₹ की ओर इशारा करते हुए कहा, ₹हम उनके साथ सैन्य सहयोग मजबूत करना जारी रखेंगे। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देश... खासकर जिनके साथ हमने ऐतिहासिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त संबंध स्थापित किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि सुरक्षा सम्मेलन के ढांचे के भीतर एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के उद्भव, रक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने के तंत्र और सुरक्षा खतरों का आकलन करने में इन एजेंसियों की भूमिका पर नियमित रूप से चर्चा की गई है।

# पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 290 रुपये लीटर, जनता में हाहाकार

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

आर्थिक संकट में फंसे पाकिस्तान की मुश्किलें कम नहीं हो रही है और देश की जनता पर एक बार फिर महंगाई का बम फूटा है। शहबाज शरीफ सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद बीते सोमवार को ही देश में कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था और पहला फैसला देश की जनता पर बोझ बढ़ाने वाला साबित हुआ है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक से बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया गया। अब पाकिस्तान में ईंधन की कीमतें नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने मंगलवार आधी रात से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। कीमतों में हुए ताजा बदलाव के बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल का दाम 17.50 रुपये प्रति लीटर के इजाफे के साथ बढ़कर 290.45 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही हाई स्पीड डीजल की कीमतों को 20 रुपये बढ़ाया गया है, जिसके बाद इसका भाव बढ़कर 293.40 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है।


**पेट्रोल का किस माह कितनी बढ़ी कीमत**

| तारीख | पेट्रोल का दाम |
|---|---|
| 1 जनवरी 2023 | 214.80 रुपये/लीटर |
| 16 फरवरी 2023 | 272 रुपये/लीटर |
| 16 अप्रैल 2023 | 282 रुपये/लीटर |
| 16 जून 2023 | 262 रुपये/लीटर |
| 16 जुलाई 2023 | 253 रुपये/लीटर |
| 1 अगस्त 2023 | 272.95 रुपये/लीटर |
| 16 अगस्त 2023 | 290.45 रुपये/लीटर |

**नोटिफिकेशन जारी कर बताया कारण :** पाकिस्तान के फाइनेंस डिवीजन की ओर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों को बढ़ाने के संबंध में एक नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। ईंधन की नई कीमतें बुधवार 16 अगस्त 2023 से लागू कर दी गई हैं। कार्यवाहक सरकार के इस फैसले से पाकिस्तान की जनता में हाहाकर मच गया है और पहले से महंगाई की तगड़ी मार झेल रही जनता पर एक और बोझ बढ़ गया है। इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इंटरनेशनल मार्केट में पेट्रोलियम की कीमतों में इजाफे के चलते देश में पेट्रोल-डीजल के दाम में संशोधन किया जा रहा है।

**तबाही का मंजर** बाढ़ ने रूस में मचायी तबाही, लोग भागने को बेबस

# रूस के सुदूर पूर्व में बाढ़ से भयंकर नुकसान



**एजेंसी। मॉस्को**

रूस के सुदूर पूर्व में प्रिमोर्स्की क्षेत्र में भीषण बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान के बाद क्षेत्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी गई है। प्रिमोर्स्की के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको ने मंगलवार को ये बात कही। एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गवर्नर के हवाले से कहा, प्राइमोरी में एक क्षेत्रीय आपातकालीन व्यवस्था शुरू की जा रही है। आपदा से नुकसान इतना है कि नगर पालिकाओं के संसाधन इसका सामना नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय आपातकालीन व्यवस्था बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए सहायता प्रदान करने की अनुमति देगी। तूफान खानून के कारण हुई भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने प्राइमरी में तबाही मचा दी है। इस क्षेत्र की कई नगर पालिकाओं ने पिछले कुछ दिनों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। नागरिक सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के क्षेत्रीय केंद्र के अनुसार, सोमवार तक जलमग्न घरों की संख्या बढ़कर 4,620 हो गई थी। इसके अलावा, 32 बस्तियां अलग-थलग पड़ गई हैं और 58 सड़क बाधित हो गए हैं। गंभीर स्थिति के कारण 2,500 से अधिक लोगों को निकाला गया है। कोझेमायाको ने इस बात पर जोर दिया कि आपातकाल की क्षेत्रीय स्थिति अधिकारियों को प्रभावी ढंग से संकट का प्रबंधन करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार संघीय सहायता का अधिकार देती है।

## ब्रिटेन में 50 हजार पाउंड से अधिक की चोरी के आरोप में भारतवंशी को सजा

**लंदन।** इंग्लैंड में 62 साल के एक भारतीय मूल के व्यक्ति को उस कंपनी से 50,000 पाउंड से अधिक की चोरी करने के आरोप में दो साल जेल की सजा सुनाई गई है, जहां वह काम करता था। पुलिस ने यह जानकारी दी। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि सरे के सनी भयानी को पद का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले हफ्ते आयल्सबरी क्राउन कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई, जिसे दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया। उसे 565 पाउंड लागत का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया। साथ ही 51,794.27 पाउंड प्रति माह 1,075 पाउंड के हिसाब से चुकाने के लिए कहा गया। हाई वायकोम्ब में ड्रीम्स लिमिटेड के लिए ग्राहक सेवा में काम करने वाले भयानी ने जनवरी 2017 और जनवरी 2018 के बीच धोखाधड़ी की थी। भयानी ने ग्राहकों के लिए फर्जी रिफंड बनाए और उन्हें अंजाम दिया।

# तिरंगे से जगमगा उठी सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा



**एजेंसी। अबू धाबी**

इस 15 अगस्त को भारत ने अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के कई देश इस राष्ट्रीय पर्व में शामिल हुए। इस मौके पर दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा भी भारत के सम्मान में भारतीय ध्वज (तिरंगा) के रंगों से जगमगा उठी। बुर्ज खलीफा पर अक्सर संयुक्त अरब अमीरात के मित्र देशों के स्वतंत्रता दिवस पर उनका झंडा प्रदर्शित किया जाता है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया है जिसे कई लोग रीट्वीट कर चुके हैं। वीडियो में इमारत पर भारतीय ध्वज और बैकग्राउंड में राष्ट्रगान 'जन गण मन' बज रहा है। वीडियो में आगे बिल्डिंग पर महात्मा गांधी की तस्वीर और टेक्स्ट दिखाई देते हैं, 'भारत माता को 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। भारत और यूएई की दोस्ती जिंदाबाद। हर घर तिरंगा. जय हिन्द।' दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भारत को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दी हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'भारत अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। मैं इस महान राष्ट्र के नेतृत्व और लोगों को बधाई देता हूं। इस खुशी के मौके पर यूएई साझा समृद्धि और विकास के भविष्य के निर्माण, हमारी साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।

